हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था



WWW.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक- 68, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpress@gamil.com

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान आज

## राहुल गांधी, हेमा मालिनी और ओम बिरला समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसे लेकर हाई-वोल्टेज प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया। दूसरे फेज में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां से कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसमें केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवनंतपुरम), भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या (कर्नाटक), मथुरासे हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) शामिल हैं। 26 अप्रैल को केरल की सभी 20 सीटों पर, कर्नाटक की 28 में से 14 सीटों पर, राजस्थान की 13 सीटों पर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर, असम और बिहार की 5-5 सीटों पर, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3-3 सीटों पर, जबकि मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले फेज के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इसमें करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। जनता दूसरे चरण में 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला करेगी। इस चरण में 29 सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी ने कभी जीत हासिल नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो दूसरे चरण में आठ सीटों पर वोटिंग है, जिनमें से 7 सीट पिछली बार 2019 में बीजेपी के ही पास थी। बता दें कि चुनाव आयोग ने पहले जो पहले शेड्यूल जारी किया था, उसके मुताबिक दूसरे चरण में कुल 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा कैंडिडेट के निधन के बाद यहां का चुनाव तीसरे फेज शिफ्ट कर दिया गया था। इसके चलते अब दूसरे चरण में कुल 88 सीटों पर मतदान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को बड़ी मुस्लिम आबादी वाले निर्वाचन क्षेत्र अलीगढ़ में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर सत्ता में आने पर लोगों की संपत्ति को बांटने की योजना बनाने का आरोप लगाया।

वहीं अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी खास समुदाय का नाम लेकर उसके बारे में गलत बातें बोलना दुनियाभर में फैले उस समुदाय का अपमान है। जबकि बुलंदशहर में एक चुनावी रैली में मायावती ने बीजेपी पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि यूपी में बसपा सरकार ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र का विकास किया था, लेकिन इसका श्रेय बीजेपी ले रही है।



## दूल्हा और दुल्हन को बिना लाइन में लगे मिलेगी मतदान की सुविधा

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने प्रथम चरण में कम मतदान होने के कारण समीक्षा बैठक की। उसके बाद सभी राज्यों के चुनाव आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं। शादी ब्याह का मौसम होने के कारण दूल्हा दुल्हन को बिना लाइन में लगे तत्काल मतदान की सुविधा दी जाये। शादी के इस मौसम में दूल्हा दुल्हन भी मतदान कर पाएं। मतदान अधिक से अधिक हो इसके लिए मतदान केंद्र में छाया और पेयजल इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है। मतदान बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश में तरह-तरह की प्रयास शुरू किए गए हैं। गांव गांव में 65000 बूथ अवेयरनेस समूह तैयार किए गए हैं। इसमें आशा, उषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर पीले चावल बांट कर मतदान की अपील कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। चुनाव आयोग ने अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए प्रयास करने के आदेश दिए हैं।

# पटना में रेलवे स्टेशन के पास होटल में लगी आग, छह लोग जिंदा जले

## कई इमारतों में फैली आग, बुझाने के प्रयास जारी, पुलिस बल मौके पर मौजूद




एजेंसी। पटना

पटना में रेल्वे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में भीषण आग लग गई। आग से छह लोगों के जिंदा जलने की खबर है और कई लोग फंस हुए हैं। आग ने अपना विकराल रुप धारण कर आसपास की बिल्डिंगों को भी अपनी जद में ले लिया। आग की सूचना पर कई फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई हैं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन रोड के पास स्थित पाल होटल में अचानक आग गई। होटल में लगी आग का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि आग की लपटें ऊंची-ऊंची उठ रही हैं। आग की वजह से आस-पास धुआं उठा रहा है जो दूर से ही दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि आग लगने की ये घटना रेलवे स्टेशन से 50 मीटर की दूरी पर हुई है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि फायर डिपार्टमेंट के कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं. इसके अलावा मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद है। बताया जा रहा है कि अब तक आग से छह लोगों की मौत हो चुकी है। आग की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर मौजूद है ताकि होटल में फंसे लोगों का रेस्क्यू कर सीधे अस्पताल पहुंचाया जा सके। होटल में कितने लोग फंसे हैं इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। फायर टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर के फटने से यह आग लगी है। जांच के बाद ही आग लगने के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ख़ास ख़बर

### जैसलमेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त, कोई जनहानि नहीं



**जैसलमेर**। राजस्थान के जैसलमेर जिले में गुरुवार सुबह करीब 10:20 बजे एक मानव रहित विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान हादसा जैसलमेर से दूर पिथला गांव के पास हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायु सेना ने पोस्ट कर बताया कि सेना का एक दूर से संचालित विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान गुरुवार को जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। सेना अधिकारियों ने बताया कि वायु सेना का एक टोही या निगरानी विमान जैसलमेर के सिपला ग्राम पंचायत के बहल की ढाणी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान सुनसान इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर वायुसेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। क्रैश होने से विमान जलकर राख हो गया। इसका मलबा दूर-दूर तक फैला है। मलबे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट रही है। विमान में कोई पायलट नहीं था। इस कारण जासूसी विमान माना जा रहा है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वायुसेना अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि किसी तकनीकी खामियों की वजह से ये विमान क्रैश हुआ है।

### सीएम योगी को बकरे की तरह काटने की धमकी, मामला हुआ दर्ज



**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वायरल वीडियो के आधार पर प्रयागराज के गंगानगर जोन के नवाबगंज थाने में आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने केस दर्ज कराया है। वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले आईपीसी की धारा 506 और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसकी जानकारी देते हुए डीसीपी गंगानगर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि इस प्रकरण में थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। दरअसल, आरोपी शमीम उर्फ बबलू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इस वीडियो में शमीम यह कहता हुआ नजर आ रहा था कि अगर योगी ने उसके घर पर बुलडोजर चलवाने की हिम्मत की तो वह उन्हें बकरे की तरह काट देगा। वीडियो में आरोपी युवक सीएम योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते हुए नजर आ रहा है।

# देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने शुरु की व्हाट्सएप सेवा

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के द्वारा से अधिवक्ताओं को वाद सूची, केस फाइलिंग और केस लिस्टिंग के बारे में जानकारी प्रसारित करना शुरू कर देगा। वाद सूची किसी विशेष दिन पर अदालत द्वारा सुनवाई के लिए निर्धारित मामलों की रूपरेखा तैयार करती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत के सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी पहल शुरू की। व्हाट्सएप मैसेंजर हमारे दैनिक जीवन में एक सर्वव्यापी सेवा रही है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत करने और न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शक्तिशाली संचार उपकरण की भूमिका निभाई है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी प्रश्न पर सुनवाई शुरू करने से पहले, सीजेआई ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को केस फाइलिंग के संबंध में स्वचालित संदेश प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, बार के सदस्यों को प्रकाशित होते ही उनके मोबाइल फोन पर कारण सूची भी प्राप्त होगी। यह सुविधा और सेवा हमारी दैनिक कार्य आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस कदम के बारे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक और क्रांतिकारी कदम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर भी प्रदान कर स्पष्ट किया कि वह किसी भी संदेश या कॉल को स्वीकार नहीं करेगा। सीजेआई चंद्रचूड़ के मार्गदर्शन में सुप्रीम कोर्ट सक्रिय रूप से न्यायिक कार्यों के डिजिटलीकरण को आगे बढ़ा रहा है।

# कांग्रेस के लिए परिवार सब कुछ, भाजपा के लिए देशः पीएम

## कांग्रेस ने सेना के जवानों के हाथ बांध रखे थे

एजेंसी। मुरैना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए सिर्फ और सिर्फ देश सबसे बड़ा है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुरैना ने हमेशा उनका साथ दिया है, जिनके लिए देश सबसे पहले है। आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज अपने संकल्प से डिगा नहीं है। आगे भी कभी अपने संकल्प से मुरैना नहीं डिगेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर ही देश का बंटवारा स्वीकारा था। मां भारती के हाथों की जंजीरों को काटने की जगह उन्होंने मां भारती की भुजाओं को काट दिया। देश के टुकड़े कर दिए। कांग्रेस आज भी सुधरने के लिए तैयार नहीं है। कुर्सी और सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस छटपटा रही है। कुर्सी पाने के लिए कांग्रेस लगातार गंदे खेल खेलने में जुटी हुई है। कांग्रेस ने सालों तक सेना के जवानों को उनका हक नहीं दिया। वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं होने दिया, जो हमने सत्ता में आते ही लागू किया। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी ही विकास विरोधी समस्या है, जिसे अब जनता दूर ही रखना चाहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा को भी समझा और जवानों को खुली छूट दी है। कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमारी सरकार ने कहा कि अगर एक गोली आती है, तब 10 गोली चलानी चाहिए। एक गोली की जगह 10 तोपें दुश्मन पर वार करनी चाहिए।

## पीएम के भाषण की जांच चुनाव आयोग ने शुरू की

**नई दिल्ली**। केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जो शिकायतें की गई है। उनकी जांच शुरू कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार बांसवाड़ा मैं दिए गए बयान की जांच चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत के कई दिनों बाद जांच करने की बात कही जा रही है। अभी तक चुनाव आयोग में कोई कार्यवाही नहीं की है। चुनाव पर्यवेक्षक उपस्थित होते हैं, उन्हें स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी थी। कार्यवाही नहीं किए जाने पर कांग्रेस पार्टी अब न्यायालय की शरण में जाने पर विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में सबसे पहले कहा था, कि कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुसलमानों के बीच बांट देगी। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को भी तोड़ मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया गया है। प्रधानमंत्री लगातार अपनी रैली में बार-बार यही दोहरा रहे हैं। जिसको लेकर आप कांग्रेस न्यायालय की शरण में जाएगी।

## पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र, भारत ने ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली**। भारत ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर के जिक्र का मुद्दा ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की पाकिस्तान यात्रा के समापन पर जारी संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख किए जाने के बाद भारत ने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। प्रवक्ता से पूछा गया था कि विदेश मंत्रालय कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त बयान को कैसे देखता है। उल्लेखनीय है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर 22-24 अप्रैल तक पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा की। यात्रा के बाद दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि पाकिस्तान और ईरान इस बात पर सहमत थे कि कश्मीर मुद्दे को क्षेत्र के लोगों की इच्छा के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए ।



## 4.0 तीव्रता का भूकंप, जगदलपुर-सुकमा में झटके, जनहानि नहीं

**जगदलपुर**। बस्तर और ओडिशा के कुछ इलाकों में 2-2 सेकंड के लिए भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी पर दर्ज जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 थी। भूकंप का केंद्र जगदलपुर से 42 किमी दूर दरभा के आसपास और 10 किमी की गहराई पर था। झटके सुकमा, छिंदगढ़, दरभा, तोकापाल समेत ओडिशा के मलकानगिरी और जगदलपुर के आसपास के क्षेत्रों महसूस किए गए। सुकमा में झटकों के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर आ गए। हालांकि भूकंप में इसमें जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

# 5000 भारतीयों को रवांडा भेजेगी ब्रिटेन सरकार सुनक

एजेंसी। लंदन



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5000 अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को,अफ्रीका के देश रवांडा भेजने का फैसला किया है। 5000 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे थे। उन्होंने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे ना मंजूर कर दिया है। 1 जनवरी 2022 के बाद से अवैध रूप से जो भी लोग ब्रिटेन पहुंचे हैं। ब्रिटेन सरकार द्वारा उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। नाही ब्रिटेन सरकार उन्हें अपने देश में रखना चाहती है। ब्रिटेन में रह रहे यह 5253 भारतीयों मे 60 फीसदी से अधिक 18 से 29 साल के बीच के हैं। इंग्लिश चैनल को नावों के जरिए पार करके यह लोग ब्रिटेन पहुंचे थे। अवैध रूप से ब्रिटेन भेजने वाले एजेटों ने इन युवाओं से लाखों रुपए वसूल किए थे। भारत सरकार से कोई सहायता इन्हें नहीं मिली। इसके बाद ब्रिटेन सरकार ने 5000 से अधिक भारतीयों को रवांडा भेजने का फैसला किया है। ब्रिटेन सरकार रवांडा की सरकार को प्रति शरणार्थी 63 लाख रुपए अदा करेगी। ब्रिटेन में सभी देशों के जो शरणार्थी रह रहे थे। उसके लिए ब्रिटेन की सरकार ने 18900 करोड रुपए रवांडा की सरकार को दिए हैं। रवांडा 2009 में राष्ट्रमंडल में शामिल हो गया है। भारत सरकार ने अभी तक अपने नागरिकों को भारत वापस लाने के लिए कोई पहल नहीं की है। जिसके कारण अब यह रवांडा में रहने के लिए मजबूर होंगे।

# खड़गे ने पीएम को लिखा पत्र, मांगा समय

एजेंसी। नई दिल्ली



बताना चाहते हैं क्या है पार्टी के न्याय पत्र में

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बनाकर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वे अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मिलकर कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने में खुशी होगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट पर टैग किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि वे आपके(प्रधानमंत्री) पिछले कुछ दिनों के भाषणों से न तो हैरान हैं और न ही आश्चर्यचकित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इसी तरह बोलना शुरू करेंगे। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस गरीबों और उनके अधिकारों (न्याय) की बात करती रही है।आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है। खड़गे ने लिखा है कि आपकी सूट-बूट की सरकार उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनका टैक्स (कर) कम किया गया है, जबकि वेतनभोगी वर्ग अधिक कर चुकाता है। गरीब जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट जीएसटी रिफंड का दावा करते हैं। इसीलिए जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम से जोड़ रहे हैं। हमारा घोषणापत्र गरीबों के लिए है चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या ईसाई या सिख। अपने पूर्व सहयोगियों की तरह देश को बांटने की कोशिश न करें। मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा है कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को सशक्त बनाने का काम किया है और आपने गरीबों की कमाई और संपत्ति छीनने का शासन किया है। आपकी सरकार वह थी जिसने गरीबों द्वारा बैंकों में जमा किए गए धन को ऋण के रूप में अमीरों को हस्तांतरित करने के लिए नोटबंदी को "संगठित लूट और वैध लूट" के रूप में इस्तेमाल किया था। तब ये ऋण आपकी सरकार द्वारा माफ कर दिए गए थे।

## आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**। चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के लोग कहते हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है तो उनके लिए बस एक ही संदेश है कि उनके ज्ञान की देश को आवश्यकता नहीं है।

## राहुल की अपील, संविधान बचाने के लिए करें मतदान

**नई दिल्ली**। आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रवि शंकर प्रसाद ने आज पटना जंक्शन के समीप होटल में लगी भीषण आग से क्षतिग्रस्त हुए स्थल का निरीक्षण किया




**पटना।** रविशंकर प्रसाद ने दुर्घटना स्थल पर पहुँच कर पूरी घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के प्रति गहरा दुख तथा घायलों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की, साथ ही उन्होंने आग से झुलस चुके लोग जिनका अस्तपाल में इलाज चल रहा है उनके शीघ्र स्वस्थ लाभ की कामना की। इस क्रम में आसपास के दुकानदारों से भी सांसद रविशंकर प्रसाद ने मिल कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बातचीत में श्री प्रसाद ने बताया की यह अत्यंत पीड़ादायक है, उन्होंने दुर्घटना के संबंध में कहा कि अभी गर्मी का समय है इसीलिए मेरा दुकानदारों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि आग के कारणों और उनके रोकथाम की समुचित व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करे ताकि भविष्य में ऐसी भीषण हादसे की पुनरावृति ना हो।

नोट -श्री रविशंकर प्रसाद थोड़ी देर में घायलों से मिलने पीएमसीएच भी जाएँगे।

### इनफिनिटी लर्न बाई श्रीचैतन्या के अनमोल राज ने किया जेईई 2024 मेंशानदार प्रदर्शन

**पटना ।** बिहार में शिक्षा के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में, भारत के एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म,इनफिनिटी लर्न श्रीचैतन्या उम्मीद और उत्कृष्टता के एक प्रकाश के रूप में उभरा है। संस्थान ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी जेईई मेन 2024 परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया हैं, जिससे इन्फिनिटी लर्न के लिए पटना के शीर्ष रैंकर अनमोल राज बने, इन्होंने इन्फिनिटी लर्न के पटना केंद्र से 99.86 परसेंटाइल अंक हासिल किए, इन्होंने पटना में पढ़ाई की है और इसी शहर में जेईई मेन 2024 दिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और प्रतिभा का पोषण करने के लिए इन्फिनिटी लर्न की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। टॉपर अनमोल ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के मुख्य विषयों में असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय अंक, भौतिकी में 99.60%, रसायन विज्ञान में 99.82% और गणित में 99.67%, हासिल किए। ऐकडेमिक कौशल की इस सफलता में अनमोल के साथ साथ, सोनू कुमार अकफ 63 (केटेगरी रैंक), नीरज कुमार, रोशनी लाहा 99.82 और चितांशु शेखर 99.76 परसेंटाइल के साथ पटना केंद्र से शीर्ष रैंकर्स में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 47 छात्रों ने नियमित कक्षा कार्यक्रम से जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है और इनमें से 14 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्टता के लिए बिहार में इन्फिनिटी लर्न की स्थिति को और मजबूत करता है।

### बढ़ती गर्मी के कारण आज से 10.30 बजे के बाद नहीं चलेगी 10वीं तक की कक्षा

**पटना।** पिछले हफ्ते बढ़ती गर्मी को देखते हुए पटना जिले में डीएम के निर्देश के बाद शहर के स्कूलों के क्लास टाइमिंग में बदलाव किया गया था। डीएम ने 30 अप्रैल तक सभी स्कूलों में साढ़े ग्यारह तक ही क्लास संचालित करने का निर्देश दिया था। डीएम ने कहा था कि सभी स्कूलों में साढ़े ग्यारह से शाम चार बजे तक क्लास संचालित नहीं किए जाएंगे। इसे देखते हुए कुछ निजी स्कूलों ने भी क्लास की टाइमिंग में बदलाव किया है। शुक्रवार से लोयला हाई स्कूल में क्लास 1 से क्लास 10 का समय बदल जाएगा। क्लास 1 से क्लास 2 सुबह 6:40 से 10:15 बजे तक, क्लास 3 से क्लास 5 सुबह 6:40 से 10:20 बजे तक और क्लास 6 से क्लास 10 सुबह 6:40 से 10:30 बजे तक संचालित की जायेगी। लोयोला हाई स्कूल ने नोटिस जारी करते हुए यह जानकारी दी। वहीं संत करेंस हाई स्कूल ने बच्चों को भेजे नोटिस में 6.30 से 10.30 तक कक्षा चलने की सूचना दी है। इसके अलावा संत माइकल हाई स्कूल में 6.30 से 11.30, नॉट्रेडेम एकेडमी में 6.15 से 11.15, डॉन बॉस्को एकेडमी में 6.15 से 11.15, संत जोसेफ कॉन्वेंट में 6.30 से 11.30, केंद्रीय विद्यालय में 6.30 से 11.30, संत डोमेनिक सेवियोज में 6.30 से 11.30, दिल्ली पब्लिक स्कूल में 6.30 से 11.30, संत जेवियर्स हाई स्कूल में 6.15 से 11.15 और कार्मेल हाई स्कूल में 6.30 से 11.15 स्कूल की टाइमिंग में पहले ही बदलाव किया जा चूका है।

### बिहार के अधिकांश जिलों में 29 अप्रैल तक हीट वेव को लेकर अलट

**पटना।** भीषण गर्मी से अभी लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। अगले 48 घंटे में 1 से 2 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीने, हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। अगले 30 अप्रैल तक राज्य का मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद ही इसकी गतिविधि सामान्य होगी। राज्य में 24 अप्रैल से 29 अप्रैल के दौरान दक्षिणी भागों के अधिकांश स्थानों पर लू, हीट वेव और उतरी भागों के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव चलने की प्रबल संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, जिले के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव की संभावना है। इसी तरह से कल गुरुवार को सहरसा, सुपौल,गोपालगंज,सीवान,पूर्वी चंपारण, पूर्णिया जिले के एक या दो स्थान पर लू और गर्म हवाएं चलने की संभावना है। गुरुवार को को पटना समेत 23 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सबसे ज्यादा गर्म शेखपुरा रहा। यहां का तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। भागलपुर का अधिकतम तापमान 40.6, बांका का अधिकतम तापमान 42 डिग्री, किशनगंज का 38 डिग्री, कटिहार का 39.6 डिग्री, मुजफ्फरपुर का 39 डिग्री, गया का 40.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### नेहरू पथ पर तय समय सीमा के अंदर ही लगेगी फल सब्जी की दुकानें

**पटना।** शहर में स्ट्रीट वेंडर को दुकान लगाने के लिए तय अवधी की अनुमति दी गई है। इस क्रम में कई दुकानदारों के साथ नगर आयुक्त ने बैठक की। इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा आम जनों की सुविधा को देखते हुए दुकानदारों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए। स्ट्रीट वेंडर को दुकान लगाने के लिए तय अवधी की अनुमति दी गई है, नेहरू पथ रहेगा पूर्ण रूप से नो वेंडिंग जोन रहेगा। नेहरू पथ रहेगा पूर्ण रूप से नो वेंडिंग जोन। इस सड़क पर किसी तरह का दुकान लगाने की अनुमति नहीं रहेगी।इसपर सुबह 5 बजे से 9 बजे तक एवं शाम 7 से 10 बजे तक की अवधि में ही दुकानें लगेंगी। आमजन की सुविधा एवं यातायात को देखते हुए अन्य सड़कों पर ब्लैक स्पॉट पर नहीं लगाना है एवं निर्धारित जगहों पर ही वेंडर को दुकान लगाना होगा। बिना लाईसेंस वाले वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नहीं।मई के प्रथम सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होंगी और नए वेंडिंग जोन में वेंडरो को व्यवस्थित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वेंडरों की समस्या एवं अनेक विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# गोदरेज एंड बॉयस ने देश की ऊर्जा परिवर्तन संबंधी पहल में किया महत्वपूर्ण योगदान

नई सोच एक्सप्रेस

- **वित्त वर्ष 2024 में हासिल किए 1000 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर**

**पटनाः** गोदरेज एंड बॉयस की बिजनेस यूनिट गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने पावर इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवसाय के लिए वित्त वर्ष 2024 में 1000 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त करने की घोषणा की है। इन ऑर्डर में मुख्य रूप से भारत भर में एयर इंसुलेटेड स्विचगियर (एआईएस) और गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) सबस्टेशन शामिल हैं, जिनमें 765केवी क्षमता तक के कुछ प्रोजेक्ट शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक प्रोजेक्ट का मूल्य 100 करोड़ से 400 करोड़ रुपए के बीच है। पीआईआरई ने पावर ट्रांसमिशन, रेलवे और सोलर प्रोजेक्ट्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो सरकार के विकसित राष्ट्र के विजन के साथ मेल खाता है। ये परियोजनाएँ विकास और विस्तार की एक मजबूत गति को प्रदर्शित करती हैं और दिखाती हैं कि कैसे गोदरेज एंड बॉयस, देश की सस्टेनेबल एनर्जी संबंधी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हैड राघवेंद्र मिर्जी ने कहा, हमें हाल ही जो ऑर्डर मिले हैं, वे 400केवी से अधिक के क्षेत्र में हमारी मौजूदगी को और मजबूत बनाते हैं और उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। गुजरात के कच्छ जिले के खावदा गांव में निष्पादन के लिए हमारे पहले 765केवी जीआईएस ऑर्डर को सुरक्षित करना हमारे लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो तकनीकी उन्नति की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक है। भारत ने सीओपी26 में 2030 तक 500जीडब्ल्यू गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा में बदलाव का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किया है, जो अक्षय ऊर्जा में दुनिया की सबसे बड़ी विस्तार योजनाओं में से एक है। वित्त वर्ष 24 में हासिल अक्षय ऊर्जा से संबंधित हमारे अधिकांश ऑर्डर न केवल हमारी लीडरशिप पोजीशन को रेखांकित करते हैं, बल्कि देश की प्रतिबद्धता के साथ भी तालमेल करते नजर आते हैं। इस तरह साथ मिलकर हम एक हरित और अधिक बेहतर भविष्य की दिशा में प्रतिबद्ध होकर कदम बढ़ाते हैं।' ये सबस्टेशन मौजूदा ग्रिड बुनियादी ढांचे की क्षमता को बढ़ाने, अक्षय ऊर्जा स्रोतों के निर्बाध एकीकरण और निकासी की सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रिड नेटवर्क को मजबूत करके, गोदरेज एंड बॉयस उद्योगों और समुदायों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र के ऊर्जा लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। चूंकि व्यवसाय गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक में अपना विस्तार कर रहा है, इसलिए भविष्य के अधिकांश ऑर्डर अक्षय ऊर्जा से ही जुड़े होने की उम्मीद है। गैस इंसुलेटेड स्विचगियर्स (जीआईएस), सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम (एसएएस), एससीएडीए, आरटीयू और डिजिटल सबस्टेशन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूती से दोहराया है। विभिन्न सबस्टेशन परियोजनाओं के निष्पादन के माध्यम से, व्यवसाय अक्षय ऊर्जा तक पहुँच को सुविधाजनक बनाते हुए राष्ट्र के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखता है।

## अपनी तय हार से विपक्ष हताश : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

- **हिंदुओं की संपत्ति और आरक्षण को एक धर्म विशेष के लोगों में बांटना चाहती है कांग्रेस**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी तय हार से विपक्षी दल हताशा में है। 'घमंडिया' गठबंधन में हड़कंप मचा हुआ कि उसकी मंशा अब उजागर हो चुकी है। देश की जनता जान चुकी है कि तुष्टीकरण की नीति पर चलते हुए कांग्रेस और उसके शागिर्द सनातनियों को बड़ा से बड़ा नुक़सान पहुंचा सकते हैं। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति अब बेपर्दा हो चुकी है। यह साफ हो चुका है कि एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस हिंदुओं को बड़ी क्षति भी पहुंचा सकती है। कांग्रेस हिंदुओं की संपत्ति और आरक्षण को एक धर्म विशेष के लोगों में बांटना चाहती है। श्री मिश्र ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कही है। कांग्रेस के युवराज को बताना चाहिए कि लोगों की संपत्ति का सर्वे कराने के पीछे कांग्रेस की मंशा क्या है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। जबकि भाजपा चार जातियों की बात करती है, जिसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को रखा गया है। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं की गयी है। यह साफ है कि हिंदुओं की संपत्ति के प्रति कांग्रेस की नीयत ठीक नहीं है। हिंदुओं की संपत्ति हड़पकर कांग्रेस उसे एक धर्म विशेष के लोगों में बांटना चाहती है। लेकिन, भाजपा कभी भी ऐसा नहीं होने देगी। श्री मिश्र ने कहा कि सन 2024 लोकसभा चुनाव का मुद्दा तय हो चुका है। मुद्दा है कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के खिलाफ भाजपा के राष्ट्रवाद और समरस समाज का। कांग्रेस और राजद के भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा के विकास का। जनता तय कर चुकी है कि बिहार सहित पूरे देश में मोदी की गारंटी ही चलेगी। कांग्रेस के बड़े -बड़े वादों से जनता गुमराह होने वाली नहीं है।

## आईएमएस बिहार के बच्चों के लॉ और मैनेजमेंट स्किल्स को निखारकर उनके भविष्य को बेहतर बनाएगा : रविशंकर प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस




- **पटना में आईएमएस का भव्य शुभारंभ, नामांकन पर 30 प्रतिशत की विशेष छूट**

**पटना :** बोरिंग रोड स्थिति ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत देश के अग्रणी और विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थान आईएमएस का भव्य शुभारंभ किया गया। इस संस्थान के पटना ब्रांच का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रविशंकर प्रसाद, सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी के निदेशक सीए विवेक कुमार, सीए विनय कुमार, फर्स्ट क्लास जुडीशियल मजिस्ट्रेट आवृती नैथानी व चीफ मेंटर शशांक सहाय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान के बिहार आने से यहाँ के बच्चों के लॉ और मैनेजमेंट स्किल्स निखरेंगे। उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षकों से बच्चों को उचित मार्गदर्शन करने की अपील की। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर आपको लॉ या मैनेजमेंट के क्षेत्र में आगे बढ़ना है तो आपको खुब मेहनत करनी पड़ेगी। साथ हीं उन्होंने संस्थान के निदेशक से कहा कि अगर कहीं मेरी जरुरत पड़े तो मैं भी इन बच्चों को मार्गदर्शित करने का काम करूँगा। वहीं संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार ने कहा कि पटना में सीएलएटी, एआईएलईटी, सीयूईटी, आईपीएमएटी, बीबीए जैसे यूजी कोर्स के तैयारी लिए कोई बेहतर संस्थान नहीं था जो की अब आईएमएस के आने से पूरा हो गया है। यहाँ बच्चों को लॉ और मैनेजमेंट की बेहतर शिक्षा मिलेगी। जबकि संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने बताया कि हम अगले एक महीने तक लॉ और मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन लेने वाले बच्चों को नामांकन पर 30 प्रतिशत की विशेष छूट देंगे जिससे छात्र - छात्राएं अपने लॉ और मैनेजमेंट क्षेत्र में बेहतर भविष्य बना सकें। इस अवसर पर सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी के 500 से अधिक छात्र - छात्राएं मौजूद रहें।

## देशवासियों की निजी संपत्ति के सर्वे की बात घोषणापत्र से वापस ले कांग्रेस : शाहनवाज

नई सोच एक्सप्रेस

- **बिहार में दूसरे चरण के मतदान में भी सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित**

**पटना।** कांग्रेस और इंडी गठबंधन 2024 का लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार रहा है लेकिन हार से पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन देशवासियों को डराना चाहता है। कांग्रेस की नजर देश वासियों की संपत्ति पर है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वे की बात तुरंत वापस ले। सैम पिट्रोडा के बयान से कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। ये कहना है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन का। पटना में मीडिया को संबोधित करते हुए सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की आइडियोलॉजी अर्बन नक्सल के कब्जे में है जो लोगों की निजी संपत्ति को लूटकर बांट देना चाहता है। जो अर्बन नक्सल का भाषण हुआ करता था, आज वो कांग्रेस घोषणा पत्र का हिस्सा है।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि देश की संपत्ति पर देशवासियों का हक है। देश के लोगों की निजी संपत्ति, देशवासियों के पास मौजूद सोना कोई लूट नहीं सकता।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस का चेहरा बेनकाब होने के बाद से पूरी तरह बैकफुट पर है कांग्रेस और इंडी गठबंधन। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लगातार देश के गरीबों, दलितों, शोषित, किसान, वंचितों को उनका हक देने की बात की है और उसके लिए पिछले 10 साल से प्रयासरत्त हैं। तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के गरीबों, दलितों, शोषित, किसान, वंचितों की पूरी फिक्र करेगी और उनका हक उन तक पहुंचा कर रहेगी।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मोदी जी ने मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड देने में कोई भेदभाव नहीं किया। देश के 80 करोड़ लोगों को हर महीने मुफ्त राशन और दाल बिना भेदभाव के पहुंचाने का काम मोदी सरकार में हो रहा है। लेकिन कांग्रेस की नजर देश के लोगों की निजी संपत्ति पर है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस की गलत मंशा को मोदी सरकार किसी हाल में पूरा नहीं होने देगी। एक सवाल के जवाब में शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस देश के मुसलमानों को घुसपैठियों से जोड़ रही है जोकि सरासर गलत है । उन्होंने कहा कि घुसपैठिया मतलब सिर्फ घुसपैठिया है। देश के नागरिकों से इसका कोई लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि देश की संपति पर देशवासियों का हक है, इस पर कांग्रेस को अतिश्योक्ति क्यों है।

# राजनीतिक नौटंकीबाजों से मुक्ति के लिए संकल्पित है बिहार की जनता : विजय

नई सोच एक्सप्रेस

- **संविधान में सदाचार की शपथ लेकर करते हैं भ्रष्टाचार**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बारे में भ्रामक प्रचार पर पलटवार करते हुए कहा है कि बिहार की जनता इन राजनीतिक नौटंकीबाजों से मुक्ति का संकल्प ले। श्री सिन्हा ने कहा कि अनाप शनाप बोलना, संवैधानिक संस्था का अपमान, अपराधियों का राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के द्वारा इनके पिता लालू प्रसाद ने देश और दुनिया में बिहार का मजाक बना दिया। अब तेजस्वी यादव भी उसी नक्शा कदम पर चल रहे हैं। पिता की तरह इनकी कथनी और करनी में समरूपता नहीं है। संविधान की शपथ लेने के बाद से भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं।श्री सिन्हा ने कहा है कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर ये चार्टर्ड विमान पर जन्मदिन मनाते हैं और केक काटते हैं। गरीबों को झांसा देकर शासन में आये और विलासिता की जिंदगी जी रहे हैं। जनता इन्हें माफ नहीं करेगी।श्री सिन्हा ने कहा कि पूर्णिया में इनके दल के लोगों को लाखों नकदी के साथ पुलिस ने पकड़ा है। वे वोटर को प्रभावित कर रहे थे। सभी चुनाव क्षेत्रों में राजद सहित इंडी गठबंधन के लोग धन बल का प्रयोग कर रहे हैं। पर इन्हें जनता नकार चुकी है। चुनाव परिणाम के बाद इनकी आपसी मारामारी राज्य की जनता देखेगी।श्री सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा पर झूठा आरोप लगाकर इनको कुछ हासिल होने वाला नहीं है। राज्य की जनता इनके चाल-चरित्र से परिचित है। 4 जून 2024 को इनकी दुकान बंद हो जाएगी। बिहार की जनता ने मोदी जी को पूरा आशीर्वाद दे दिया है। तीसरी बार फिर से वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## होटल की आग लगने की घटना पर सांसद ने जतायी गहरी संवेदना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रवि शंकर प्रसाद ने आज पटना जंकशन के समीप होटल में लगी भीषण आग से क्षतिग्रस्त हुए स्थल का निरीक्षण किया। रविशंकर प्रसाद ने दुर्घटना स्थल पर पहुँच कर पूरी घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के प्रति गहरा दुख तथा घायलों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की, साथ ही उन्होंने आग से झुलस चुके लोग जिनका अस्तपाल में इलाज चल रहा है उनके शीघ्र स्वस्थ लाभ की कामना की। इस क्रम में आसपास के दुकानदारों से भी सांसद रविशंकर प्रसाद ने मिल कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बातचीत में श्री प्रसाद ने बताया की यह अत्यंत पीड़ादायक है, उन्होंने दुर्घटना के संबंध में कहा कि अभी गर्मी का समय है इसीलिए मेरा दुकानदारों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि आग के कारणों और उनके रोकथाम की समुचित व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करे ताकि भविष्य में ऐसी भीषण हादसे की पुनरावृति ना हो।

# पटना मे नई 3डी फिल्म 'फ्लाई मी टू द मून' का उद्घाटन





नई सोच एक्सप्रेस

वैज्ञानिकों के धरती से चंद्रमा के सतह पर जाने से संबंधित कहानी पर आधारित थ्री डी फिल्म- " फ्लाई मी टू द मून " का उद्घाटन विधायक नितिन नवीन तथा परियोजना समन्वयक, अमिताभ , श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र , पटना के द्वारा किया गया। परियोजना समन्वयक , अमिताभ ने बताया कि 16 मिनट की इस फिल्म में 3डी इफेक्ट काफी अच्छे हैं और इसकी कहानी कुछ वैज्ञानिक धरती से चंद्रमा के सतह पर कैसे गये , दिखाए गये हैं। इसका ऑडियो इफेक्ट 5.1 चैनल डिजिटल डॉलवी पर आधारित है। विज्ञान केन्द्र में इस नई फिल्म के 4 शो प्रतिदिन दिखायें जा रहे हैं । इस शो को देखने के लिए प्रति व्यक्ति टिकट दर 35 तथा 20 से अधिक के समूह में आने वाले विद्यालयी बच्चों का टिकट दर 15 है।.दर्शकों की संख्या अधिक रहने पर इसकी शो की संख्याओं को बढ़ा दिया जा सकता है। इस उद्घाटन समारोह में साइंस फॉर सोसाईटी के अध्यक्ष अरूण कुमार, सतीश रंजन, पूर्व शिक्षा पदाधिकारी, श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र, प्रेम यूथ फाउन्डेशन के अध्यक्ष प्रेम जी , विश्वनाथ गुप्ता, शिक्षा पदाधिकारी, श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र , वरिष्ठ कवि, लेखक, समीक्षक व पत्रकार डा.बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता, कई विद्यालय के शिक्षक आदि उपस्थित थें। फिल्म के समापन के बाद मुख्य अतिथि नितीन नवीन जी तथा दर्शकों के द्वारा 3डी फिल्म की प्रशंसा की गई तथा कहा गया कि स्कूल के जो बच्चे आते हैं, वे 3 डी शिक्षाप्रद लघु फिल्मों को देखकर काफी लाभान्वित होंगे। आज के फिल्म प्रदर्शन में कुल 75 लोगों ने भाग लेकर को सफल बनाया।

## मच्छरों से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं ससमय उपचार है मलेरिया से सुरक्षा का मूलमंत्र : डॉ. अशोक

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राज्य सहित जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम था, एक्सीलिरेटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फॉर ए मोर इक्वीटेबल वर्ल्ड। इस अवसर पर राज्य के सभी जिले में स्वास्थ्यकर्मियों को मलेरिया से सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई गयी। स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर अपने संदेश में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि मच्छरों से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं ससमय उपचार ही मलेरिया से सुरक्षा का मूलमंत्र है। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का विश्व मलेरिया दिवस पर उन्मुखीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि मलेरिया सहित कई बीमारियाँ जैसे मष्तिष्क ज्वर, चिकनगुनिया आदि भी मच्छरों के काटने से होता है। मलेरिया कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है। डॉ. प्रसाद ने बताया कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में जांच जरूर कराएं। सरकारी चिकित्सीय संस्थानों में मलेरिया की जांच एवं इलाज पूरी तरह से निःशुल्क है। इस अवसर पर वेक्टर रोग नियंत्रण अधिकारी पंकज कुमार, अभिनव कुमार एवं अमरजीत कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के सिद्धार्थ एवं सिफार की नेहा मौजूद रहीं। विश्व मलेरिया दिवस पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों का मलेरिया को लेकर उन्मुखीकरण किया। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों को कहा कि घर एवं घर के आसपास बने गड्ढे, नालियों, बेकार पड़े खाली डब्बों, पानी की टंकी, गमलों आदि में पानी एकत्रित न होने दें। जमे हुए पानी में मिट्टी तेल की बूंदें अवश्य डालें. सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। मलेरिया से बचाव हेतु डीटीटी या एसपीपी के छिड़काव में छिड़कावकर्मियों को सहयोग करें. इस अवसर पर फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्य पटेल पंडित एवं चनेश्वर मांझी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी शराब के धंधेबाज गिरफ्तार भेजा गया जेल राजापाकर

**राजापाकर** की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार के पॉकेट से ऑफिसर चॉइस ब्रांड फ्रूटी 180 एम एल की दो पीस बरामद किया।वही सख्ती से पूछताछ किए जाने पर उसकी निशानदेही पर एक कारोबारी के घर छापा मारा गया तथा घर के अंदर बने तहखाना से 180 एम एल ऑफिसर चॉइस मेड इन यू पी लिखा हुआ 18 कार्टून 864 पीस विदेशी शराब जप्त की गई।इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पहले वाहन चेकिंग में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के पॉकेट से दो ऑफिसर चॉइस 180 एम एल फ्रूटी की दो पीस जप्त कर गिरफ्तार कर थाना लाया गया। दोनों गिरफ्तार व्यक्ति थाना क्षेत्र के गौसपुर जान गांव निवासी अभिषेक कुमार पिता अवधेश राय एवं दूसरा पटोरी थाना हेतनपुर धमौन ग्राम निवासी राकेश कुमार पिता स्वर्गीय अमरनाथ राय दोनों के पॉकेट से एक-एक फ्रूटी ऑफिसर चॉइस 180 मीली का बरामद की गई।वही दोनों गिरफ्तार युवक से सख्ती से पूछताछ किए जाने पर और उसकी निशान देही पर थाना क्षेत्र के राजापाकर दक्षिण टोला काली मंदिर के पास कारोबारी का घर बताया जैसे ही पुलिस पहुंची एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। पूछने पर अपना नाम हिमांशु कुमार उर्फ दिग्विजय कुमार उम्र 19 वर्ष पिता हिरण प्रताप सिंह देव उर्फ हेमंत कुमार सिंह ग्राम राजापाकर दक्षिण टोला बताया।उसे गिरफ्तार कर उसके घर की तलाशी ली गयी तो घर में के अंदर एक कमरे में बने तहखाना में ऑफिसर चॉइस ब्रांड की फ्रूटी 18 कार्टून प्रत्येक में 48 पीस 180 एम एल का कुल 155.520 लीटर जप्त की गई। पुलिस द्वारा गिरफ्तार हिमांशु कुमार से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका चाचा उदय प्रताप सिंह देव पिता अशोक कुमार सिंह देव जो पटना से लाइनअप का काम करते हैं और मेरे पिता हिरण प्रताप सिंह देव शराब लेकर घर पर आते हैं तथा मैं यहां घूम-घूम कर शराब बेचता हूं।गिरफ्तार अभिषेक कुमार राकेश कुमार और हिमांशु कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कर आज जेल भेज दिया गया है।

### चार दिवसीय रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स विधायक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित



**राजापाकर**।बीएमडी कॉलेज दयालपुर के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित चार दिवसीय रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एड्स विषय पर क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। चार दिवसीय रेड रिबन क्लब का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रवि रंजन कुमार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छात्र सुमित कुमार, प्रिंस कुमार, छात्रा सोनी कुमारी, तनु प्रिया, नंदनी कुमारी, अंजली कुमारी सहित अनेक छात्र छात्रा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को एड्स एवं फाइलेरिया से संबंधित बचाव एवं उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया।

### चुनाव में जी जान से जुट जाए - भाजपा नेत्री पूजा कुमारी



**फतुहा**। भाजपा समर्थक मंच एवं भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में भाजपा नेत्री पूजा कुमारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सराहा तथा कार्यकर्ताओं को की जान से जुट जाने को कहा। आवश्यकता के अनुसार चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी की बातों को रखना चाहिए और चुनाव आयोग से कार्रवाई का आग्रह भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सभी स्तरों पर एनडीए प्रत्याशियों को जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रयास रत रहना चाहिए।इस अवसर भाजपा नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा,अकुंश कुमार, आशीश कुमार,रेखा शर्मा, शोभा पटेल, ममता पटेल ,अनामिका पटेल, अनामिका पांडे आदि मौजूद थे।

### रियलमी ने लॉन्च किया रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी



**पटना** : सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोन - रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सीरीज़ स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो यूज़र्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है। अपनी आधुनिक और शक्तिशाली विशेषताओं के साथ रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के अनुभव को बदल देगी। रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा और 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है, ताकि आप आसानी से हाई रिज़ॉल्यूशन इमेज कैप्चर कर सकें। उन्होंने बताया कि रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी दो आकर्षक रंगों - मिस्टी फॉरेस्ट ग्रीन और स्नो माउंटेन ब्लू में दो स्टोरेज वैरिएंट - 4जीबी प्लस 128जीबी में 11,999 रुपये और 6जीबी प्लस 128जीबी में 13,499 रुपये में मिलेगा।

### डेफोडिल्स स्कूल में मतदाता जागृति कार्यक्रम आज

**पटना**- प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर सेलोकतंत्र के इस महापर्व में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सघन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल फतुहा किया जा रहा है । निखिलकुमार ,एसडीपीओ फतुहा, सुनील कुमार, बीडीओ फतुहा रूपक कुमारअंवुज ,एसएचओ ,फतुहा गांधीवादी प्रेम कुमार , महासचिव बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना , संजय कुमार सिन्हा ,निदेशक , डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल मौजूद रहेंगे । इसकी जानकारी फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल ने दिया ।

# आरके सिन्हा की संस्था "अवसर ट्रस्ट" के बच्चो ने जेईई मेन परीक्षा में लहराया परचमः...

नई सोच एक्सप्रेस



- जेईई मेन 2024 के जनवरी और अप्रैल दोनो सत्र के आधार पर आज फाइनल ऑल इंडिया रैंकिंग लिस्ट जारी हुआ है
- "अवसर ट्रस्ट" के स्टूडेंट्स का एक बार फिर रहा जलवा...

पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा की संस्था "अवसर" कोचिंग से पढ़कर 15 में 13 स्टूडेंट्स ने जेईई मेन में पाया सफलता। जिसमें से 5 स्टूडेंट्स ने जेईई मेन परीक्षा में 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। जेईई मेन 2024 के जनवरी और अप्रैल दोनो सत्र के आधार पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज फाइनल ऑल इंडिया रैंकिंग लिस्ट जारी किया है। जिसमें "अवसर" शैक्षणिक संस्थान से पढ़कर आदित्य रंजन ने जेईई प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 177 पाया है। इसके अलावा भी कई स्टूडेंट्स ने जेईई मेन परीक्षा में सफलता पाया है। जिसमें वैशाली का रहने वाला शिवम कुमार को ऑल इंडिया रैंक 227, मोकामा के कुणाल का रैंक 370, दरभंगा के रहने वाले शुभम कुमार का रैंक 377 और समस्तीपुर के रहने वाले आर्यन कुमार को ऑल इंडिया रैंक 950 प्राप्त हुआ है। इसके अलावा भी अन्य कई स्टूडेंट्स बेहतर अंक लाने में अव्वल रहे। जिसमें मुख्य रूप से विशाखा कुमारी, रुचिका कुमारी, कौशिक कुमार, अंशु कुमार, अभय कुमार, शिवांश सिन्हा, अंशु कुमार,आशीष रंजन इत्यादि टॉप परसेंटाइल लाने में सफल रहे और अपना जगह देश के टॉप ट्रिपल आई टी और एनआईटी कॉलेजों में पक्का किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई (मेंस) के पहले सत्र और दूसरे सत्र के रिजल्ट के बाद फाइनल रैंकिंग घोषित कर दिया गया है। इस कठिन परीक्षा में अवसर शैक्षणिक संस्थान से निःशुल्क पढ़कर कई आर्थिक रूप गरीब छात्र- छात्राओं ने जेईई मेन में परचम लहराया है। आपको बताते चलें कि जिन सभी 13 बच्चो ने जेईई मेन की परीक्षा टॉप किया है उनमें किसी के पिताजी गरीब किसान है तो किसी के पिताजी मजदूर।

**आइए जानते हैं "अवसर" संस्था के बारे में**-पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा की संस्था अवसर ट्रस्ट आर्थिक रुप से गरीब स्टूडेंट्स के लिए एक अवसर प्रदान करता है। इसमें जो बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं लेकिन गरीबी के कारण आई आई टी, एनाइटी जैसी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाते ,अवसर ट्रस्ट उन्हें मौका देता है अपनी प्रतिभा दिखाने का। यह एक चैरिटेबल ट्रस्ट है जो प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। आपको बताते चलें कि पिछले वर्ष भी कई आर्थिक रुप से गरीब स्टूडेंट्स आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित कर चुके है। जिसमें मोकामा के रहने वाले अभिषेक सिन्हा ऑल इंडिया रैंक 245 लाकर आईआईटी रुड़की से अपना पढ़ाई कर रहे हैं, इसके अलावा गिरिडीह के मोमबत्ती विक्रेता का पुत्र पिंटू वर्णवाल आईआईटी बीएचयू और पटना के पोस्टर बैनर लगाने वाले मजदूर की बेटी दिव्या कुमारी "अवसर" शैक्षणिक संस्थान से पढ़कर आईआईटी धनबाद पहुंच चुकी है।

## मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन





नई सोच एक्सप्रेस





**राजापाकर**। प्रखंड की मीरपुर पताढ पंचायत के कर्णपुरा गांव स्थित श्रीमती रामसुमारी देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में गुरुवार को वैशाली के डीएम यशपाल मीणा के अन्य कार्यक्रम में व्यस्त रहने के कारण राजापाकर के बीडीओ आनंद प्रकाश की अध्यक्षता व अंचलाधिकारी गौरव कुमार के संचालन में मतदाता चौपाल आयोजित किए गए। उपस्थित मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई और कहा गया कि खुद तो मतदान करें ही साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। युवा मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देने को कहा। कहा गया कि वैशाली लोकतंत्र की जननी है इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि मतदान प्रतिशत बढायें। मतदान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। लोगों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया। देर शाम मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए कैंडल मार्च भी निकाला गया। इस अवसर पर एम ओ कुमारी निहारिका, मनरेगा की कार्यक्रम पदाधिकारी रीना सिन्हा ,डीपीओ माला कुमारी, सीडीपीओ मंजू रानी,बीपीएम जीविका राजकुमार साह, अंचल निरीक्षक मोनाजिर हुसैन आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रूबी कुमारी आंगनबाड़ी सेविका की जिलाध्यक्ष सरिता कुमारी मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र मिश्रा, अमरेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## बिहार के जदयू युवा नेता सौरभ कुमार को गोली मारकर हत्या

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**। पुनपुन (फुलवारी प्रखंड) के जदयू के पुराने और युवा नेता सकरैचा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी सौरभ कुमार को बीते रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। बताया जाता है कि रात्रि के करीब 12 बजे बड़हियाकोल में अजीत कुमार के भाई का रिसेप्शन पार्टी में आए थे। दो मोटरसाइकिल सवार चार अपराधियों ने बड़हियाकोल रोड के पास घात लगाए हुए थे। लौटने के क्रम में जब सौरव कुमार तथा उनका दोस्त मुनमुन गाड़ी के पास आए तो पहले से घात लगाए हुए अपराधियों ने उन पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया जिससे तीन गोली सौरभ कुमार को लगा जिसके कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उनके साथी मुनमुन को भी दो गोली लगा जो कि निजी अस्पताल कंकड़बाग में इलाज किया जा रहा है। इस घटना से आहत होकर जदयू कार्यकर्ता तथा आसपास के ग्रामीणों में काफी रोस है क्योंकि लोगों द्वारा बताया गया कि वे एक युवा नेता ही नहीं बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे गरीब-मजरूम लोगों का एक सहारा थे उनके मृत्यु से पुनपुन ही नहीं बल्कि बिहार के एक युवा नेता का खोने का गम सभी लोगों का रहेगा।प्रशासन द्वारा इस घटना के अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश जारी है।

## रविवार 28 अप्रैल को होगा मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प

नई सोच एक्सप्रेस



- निःशुल्क जांच एवं दवा भी उपलब्ध

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के प्रांगण में रविवार 28 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक शिवहरी अग्रवाल, सागरमल ज्वेलर्स, कंकड़बाग के सौजन्य से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि मरीज प्रातः आठ बजे से जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक डॉक्टर मरीजों की जांच करेंगे। गुप्ता ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के 21 विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। जिनमे प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शिल्पी अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी एवं उषा अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ अमिताभ बंका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंगद कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन, एवं डॉ मुकेश कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ विराट सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित खेमका, डॉक्टर हर्षिता बंका एवं डॉ कोमल कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित उपाध्याय, कैंसर प्रोस्थेटिक विशेषज्ञ डॉ नेहा अग्रवाल, ईएनटी डॉ वंदना शर्मा सहित कुल इक्कीस विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को देखेंगे। चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी जाँच उसी दिन निःशुल्क किये जायेंगे तथा सभी 11उपलब्ध दवाएँ भी निःशुल्क दिए जाएंगे। साथ ही आंख के मरीजों को नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी समाज के हर तबके के बीच में लगातार विभिन्न स्थलों पर निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करती रहती है। सोसाइटी जनता के बीच में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निदान मुफ्त में हो सके इसके लिए लगातार प्रयासरत रहती है। मरीज इस निःशुल्क मेगा हेल्थ शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें इसके लिए लगातार सोसाइटी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण समाज के बीच में प्रचार प्रसार करते रहते हैं। ऐसा आयोजन सोसाइटी के द्वारा लगातार शहर के विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## पहली बार युवा मतदाताओं को शर्ट और टोपी का तोहफा व प्रमाण पत्र

नई सोच एक्सप्रेस




- छात्रों को सलवार फ्रांक महिलाओं को साड़ी दी जाए

**फतुहा**। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान का आंकड़ा बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग घर-घर अभियान चलाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय टीम बूथों पर जाकर युवा मतदाताओं में टी-शर्ट टोपी एवं स्टिकर का वितरण करेगी यह सभी कम मतदान के प्रतिशत में वृद्धि के लिए किया जा रहा है, ताकि अधिक संख्या में मतदाता वोट डाल सके ,भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्देश जारी किया है ,इसी आधार पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी आनंद ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस निर्देश से अवगत करा दिया है, इसके साथ ही बूथ मित्रों को यह जानकारी दी गई है कि वह पहली बार मतदान करने वाले को पहचान पत्र देकर उनकी प्रोत्साहित करें ,बीएलओ के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जानकारी दी जाए, इसी प्रकार से नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड इंस्पेक्टर ग्रुप से मैसेज दें , इसी प्रकार बूथ स्तरीय गतिविधियों में आशा, आंगनबाड़ी सेविका , एएनएम, कृषि सलाहकार,एनसीसी स्काउट, एनस गार्डन को लगाया जाए जहां पर भी वोटर टर्न आउट कम है वहां पर मोबाइल बैंन जाकर माईकिंग से प्रचार प्रसार करें। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने ऐसी पहल के चुनाव आयोग को बधाई दी है तथा कहा है कि चुनाव में भाग लेने के लिए छात्रों को पोशाक दी जाए तथा महिलाओं को दो दो साड़ी दी जाए।

## बगलामुखी देवी को ही कहते हैं पीताम्बरा देवी - शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए किए जाते हैं उपासना

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बगलामुखी महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या है। बगलामुखी का शाब्दिक अर्थ बगला शब्द संस्कृत भाषा के वल्गा का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ होता है दुल्हन। कुब्जिका तंत्र के अनुसार, बगला नाम तीन अक्षरों से निर्मित है, वह अक्षर है व, ग, ला; 'व' अक्षर वारुणी, 'ग' अक्षर सिद्धिदा तथा 'ला' अक्षर पृथ्वी को संबोधित करता है। अतःमाँ के अलौकिक सौंदर्य और स्तंभन शक्ति के कारण ही इन्हें यह नाम प्राप्त है। बगलामुखी देवी का प्रकाट्य स्थल गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में माना जाता है। लोग कहते हैं कि हल्दी रंग के जल से इनका प्रकाट्य हुआ था। हल्दी का रंग पीला होता है इसलिए इन्हें पीताम्बरा देवी भी कहते हैं। एक अन्य मान्यता के अनुसार, देवी का प्रादुर्भाव भगवान विष्णु से संबंधित हैं। परिणामस्वरूप देवी सत्व गुण सम्पन्न तथा वैष्णव संप्रदाय से संबंध रखती हैं। परन्तु, कुछ अन्य परिस्थितियों में देवी तामसी गुण से संबंध भी रखती है। बगलामुखी देवी के कई स्वरूप हैं। कहते हैं कि देवी बगलामुखी, समुद्र के मध्य में स्थित मणिमय द्वीप में अमूल्य रत्नों से सुसज्जित सिंहासन पर विराजमान हैं। देवी त्रिनेत्रा हैं, मस्तक पर अर्ध चन्द्र धारण करती है, पीले शारीरिक वर्ण युक्त है, देवी ने पीला वस्त्र तथा पीले फूलों की माला धारण की हुई है। बगलामुखी देवी के अन्य आभूषण भी पीले रंग के ही हैं तथा अमूल्य रत्नों से जड़ित हैं। बगलामुखी देवी, विशेषकर चंपा फूल, हल्दी की गांठ इत्यादि पीले रंग से सम्बंधित तत्वों की माला धारण करती हैं। यह रत्नमय रथ पर आरूढ़ हो शत्रुओं का नाश करती हैं। देवी देखने में मनोहर तथा मंद मुस्कान वाली हैं। एक युवती के जैसी शारीरिक गठन वाली देवी ने अपने बाएं हाथ से शत्रु या दैत्य के जिह्वा को पकड़ कर खींच रखा है तथा दाएं हाथ से गदा उठाए हुए हैं, जिससे शत्रु अत्यंत भयभीत हो रहा है। देवी के इस जिव्हा पकड़ने का अर्थ यह है कि बगलामुखी देवी वाक् शक्ति देने और लेने के लिए पूजी जाती हैं। कई स्थानों में देवी ने मृत शरीर या शव को अपना आसन बना रखा है तथा शव पर ही आरूढ़ हैं तथा दैत्य या शत्रु की जिह्वा को पकड़ रखा हैं। भारत में बगलामुखी देवी के तीन ही प्रमुख ऐतिहासिक मंदिर माने गए हैं जो क्रमशः दतिया (मध्यप्रदेश), कांगड़ा (हिमाचल) तथा नलखेड़ा जिला शाजापुर (मध्यप्रदेश) में हैं। तीनों का अपना अलग-अलग महत्व है। यहां देशभर से शैव और शाक्त मार्गी साधु-संत तांत्रिक अनुष्ठान के लिए आते रहते हैं। बगलामुखी देवी युद्ध में विजय दिलाने और वाक् शक्ति प्रदान करने वाली देवी हैं। माता बगलामुखी की साधना युद्ध में विजय होने और शत्रुओं के नाश के लिए की जाती है। इनकी साधना शत्रु भय से मुक्ति और वाक् सिद्धि के लिए की जाती है। कहते हैं कि नलखेड़ा में कृष्ण और अर्जुन ने युद्ध के पूर्व माता बगलामुखी की पूजा अर्चना की थी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण की प्रेरणा पर अर्जुन ने कई जगह जाकर शक्ति की साधना की थी। उनकी साधना के वरदान स्वरूप शक्ति के विभिन्न रूपों ने पांडवों की मदद की थी। उन्हीं शक्ति में से एक माता बगलामुखी की भी साधना की थी। कहा जाता है कि युद्ध में विजय की कामना से अर्जुन और श्रीकृष्ण ने उज्जैन में हरसिद्ध माता और नलखेड़ा में बगलामुखी माता का पूजन भी किया था। वहां उन्हें युद्ध में विजयी भव का वरदान मिला था। बगलामुखी देवी शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है। शांति कर्म में, धन-धान्य के लिए, पौष्टिक कर्म में, वाद-विवाद में विजय प्राप्त करने हेतु देवी उपासना व देवी की शक्तियों का प्रयोग किया जाता हैं। देवी का साधक भोग और मोक्ष दोनों ही प्राप्त कर लेते हैं। वे चाहें तो शत्रु की जिव्हा ले सकती हैं और भक्तों की वाणी को दिव्यता का आशीष दे सकती हैं। देवी वचन या बोल-चाल से गलतियों तथा अशुद्धियों को निकाल कर सही करती हैं। बगलामुखी का मंत्र हल्दी या पीले कांच की माला से आठ माला 'ऊँ ह्लीं बगुलामुखी देव्यै ह्लीं ओम नमः' दूसरा मंत्र- 'ह्लीं बगलामुखी सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलम बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।' मंत्र का जाप किया जा सकता है। बगलामुखी देवी को पीली हल्दी के ढेर पर दीप-दान करना चाहिए, देवी की मूर्त्ति पर पीला वस्त्र चढ़ाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट होती है, बगलामुखी देवी के मन्त्रों से दुखों का नाश होता है। जाप के भी नियम होते हैं जो जानकार होते हैं वही बगलामुखी मंत्र जाप करने का सलाह देते हैं। इनके मंत्रो को सार्वजनिक मंत्रो की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाता है। बगलामुखी देवी की साधना के सम्बन्ध में कहा गया है कि सर्वप्रथम देवी की आराधना ब्रह्मा जी ने की थी, तदनंतर उन्होंने बगला साधना का उपदेश सनकादिक मुनियों को दिया, कुमारों से प्रेरित हो देवर्षि नारद ने भी देवी की साधना की। देवी के दूसरे उपासक स्वयं जगत पालन कर्ता भगवान विष्णु हुए तथा तीसरे भगवान परशुराम। इनकी साधना सप्तऋषियों ने वैदिक काल में समय-समय पर की है। इस महाविद्या की उपासना या साधना रात्रि काल में करने से विशेष सिद्धि की प्राप्ति होती है। इनके भैरव महाकाल हैं। माँ बगलामुखी स्तंभव शक्ति की अधिष्ठात्री हैं। माँ बगलामुखी का एक नाम पीताम्बरा भी है इन्हें पीला रंग अति प्रिय है इसलिए इनके पूजन में पीले रंग की सामग्री का उपयोग सबसे ज्यादा होता है। देवी बगलामुखी का रंग स्वर्ण के समान पीला होता है अतः साधक को माता बगलामुखी की आराधना करते समय पीले वस्त्र ही धारण करना चाहिए। पीले फूल और नारियल चढ़ाने से देवी प्रसन्न होतीं हैं। बगलामुखी देवी की साधना में सावधानी बहुत जरुरी है। बगलामुखी की साधना में पवित्रता, नियम और शौचादि का ध्यान रखना जरूरी होता है। इस साधना को किसी जानकार से पूछकर या जानकर ही करना चाहिए। कुछ लोग आकर्षण, मारण तथा स्तंभन कर्म आदि तामसी प्रवृति से संबंधित कर्म भी किए जाते हैं, लेकिन इनमें सावधानी नहीं रखने पर हानि होती है।

# तेतरिया में लगी भीषण आग, सौ से अधिक घर जलकर राख

नई सोच एक्सप्रेस





**पंचदेवरी**। प्रखंड के तेतरिया में गुरुवार की दोपहर आग ने तबाही मचा दी. आग का कहर इस कदर टूटा की पल भर में सैकड़ों परिवारों के अरमान खाक में मिल गये. भीषण अगलगी की घटना में सौ से अधिक घर जलकर राख हो गये. तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये. पांच बाइक, पांच गायें व 20 से अधिक बकरियां भी जल गयीं. झुलसे हुए लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. पूरे गांव में अफरा तफरी मच गयी. कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गये. इस घटना में करीब 80 लाख से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है. अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर काफी तेज हवा चल रही थी. इसी बीच तेतरिया बोध रावत दलित बस्ती में अचानक आग लग गयी. अभी लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया. कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान छूने लगीं. पूरे गांव में आग फैल गयी. घरों में रखे सिलिंडर एक-एक कर ब्लास्ट करने लगे. लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. कुछ ही पलों में बगल की बस्ती तेतरिया रिखई में भी आग पहुंच गयी. इस बस्ती में रहने वाले जितेंद्र साह, बुची देवी व तेतरिया बोध रावत के बुनीलाल राम गंभीर रूप से झुलस गये. परिजनों व ग्रामीणों की मदद से तुरंत इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया. घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी कोशिश की, लेकिन न तो आग पर काबू पाया जा सका और न ही किसी भी घर में रखे सामान निकाले जा सके. सैकड़ों घरों में रखे अनाज, कपड़ा, गहना सहित सभी सामान जलकर राख हो गये. कई घरों में नगद भी रखे गये थे. सब जलकर राख हो गये. हवा व आग की लपटें इतनी तेज थीं कि सभी लोग विवश दिखे. सभी घरों को जलाकर स्याही नदी की ओर जाने के बाद आग शांत हुई.

**दो घंटे बाद पहुंची दमकल, ग्रामीणों में दिखा आक्रोश-**

घटना स्थल पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखा. आग लगते ही ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को सूचना दी. फिर भी समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच सकी. दमकल कर्मियों का कहना था कि कई जगहों पर आग लगी हुई है. सभी गाड़ियां आग बुझाने चली गयी हैं. पूरी बस्ती जल जाने के बाद दमकल घटना स्थल पर पहुंची. इसके बाद ग्रामीणों व दमकल की मदद से देर रात तक आग बुझाने की कोशिश की जाती रही. लोग पंचदेवरी में दमकल रखने की मांग प्रशासन से कर रहे थे. इधर, सीओ तरुण कुमार रंजन ने बताया कि अगलगी की सूचना मिलते ही दमकल को भी सूचित कर दिया गया था. राजस्व कर्मचारी को घटना स्थल पर भेज दिया गया है. जांच करायी जा रही है. प्रशासन सभी पीड़ितों को नियमानुकूल सहायता उपलब्ध करायेगा.

**अगलगी में इनलोगों के जले हैं घर**-अगलगी में जिन लोगों के घर जले हैं, उनमें वीरेंद्र राम, चंद्रमा राम, राम विलास राम, सुभाष राम, नरसिंह राम, बुनिलाल राम, जितेंद्र राम, सतन राम, रामचंद्र राम, मुन्ना यादव, रामानंद चौधरी, राजन खरवार, गुदरी राम, मनु राम, जीती साह, लंगड़ साह, अयोध्या साह, उमेश साह, विनोद साह, शंभू साह, पप्पू साह, शिवजी साह, राजेश साह, जितेंद्र साह, लालू राम, लाल बहादुर राम, भगवत राम, रमाकांत राम, राधा राम, दीनानाथ यादव आदि शामिल हैं. घटना के पीड़ित परिवारों के सामने कई समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं. पीड़ित परिवार खुले में रहने को विवश हैं और दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं. समाचार लिखे जाने तक पीड़ितों को कहीं से कोई सहायता उपलब्ध नहीं करायी गयी थी।

## आईआईएम बोधगया के 29 छात्र ग्लैड भारत फाउंडेशन इंटर्नशिप के साथ कर रहे नेतृत्व

नई सोच एक्सप्रेस



आईआईएम बोधगया के 29 छात्र सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक ज़िम्मेदारी और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए ग्लैड भारत फाउंडेशन के साथ इंटर्नशिप के साथ परिवर्तन का नेतृत्व करते हुए साझेदारी के महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं सामने आया। पहला पैड एटीएम परियोजना जो कि किशोर लड़कियों और ग्रामीण महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता की व्यापक समस्या के समाधान के लिए बनाई गई। वहीं छात्रों ने इसे पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किया। छात्रों द्वारा दूसरी पहल- डोनेट वेस्ट, डिस्कवर बेस्ट अभियान चलाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित वर्गों के बीच के फर्क को मिटाना रहा है। छात्रों ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को किताबों तथा समाचार पत्रों जैसी अतिरिक्त वस्तुओं को दान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न संस्थानों में सेमिनार आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल ने दान और सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा दिया है। प्रोफेसर जॉनसन मिंज़ के प्रोत्साहन और निर्देशन ने इस महत्वपूर्ण साझेदारी का मार्गदर्शन करते हुए छात्रों के सराहनीय प्रयासों में इज़ाफ़ा किया, जिस दौरान अपने इंटर्नशिप अनुभव के बारे में, छात्रों ने उससे मिली सीख और संतोष के बारे में बात की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता से जुडी कठिनाइयों को देखने पर जोर देते हुए उन्हें पैड एटीएम परियोजना जैसे समाधानों पर काम करने के लिए प्रेरित किया। तथा सामाजिक कार्य अनुभव ने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हुए उनके अंदर देश का एक ज़िम्मेदार नागरिक बनने की इच्छा जगाई। ग्लैड भारत फाउंडेशन के साथ इन छात्रों द्वारा बिताया गया समय प्रेरणा का एक प्रकाश स्तंभ बताया जाता है जिससे जब वे अपने शैक्षणिक प्रयासों में लौटते हैं तब उनमें समाज को सशक्त एवं उन्नत बनाने वाले कार्यों का समर्थन जारी रखने की लगन पैदा होती है।

## नवभारत के निर्माण के लिए नरेंद्र मोदी तथा नीतीश कुमार जैसे दूरदर्शी नेताओं की जरूरतः शैलेंद्र कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**दिल्ली** प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार का कहना है कि नवभारत के निर्माण के लिए भारत को नरेंद्र मोदी जी एवं नीतीश कुमार जी जैसे मजबूत दूरदर्शी नेताओं की जरूरत। ऐसे दूरदर्शी नेताओं के नेतृत्व में राष्ट्र नित्य नये कीर्तिमान स्थापित कर दुनिया में भारत का विश्व पटल पर एक नयी छवि गढ़ते हुए देश एवं देशवासियों का मान सम्मान सदैव बढ़ायेगा। उन्होंने देश की जनता से नवभारत के निर्माण के लिए एक-एक वोट एनडीए को देने का अपील किए।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह "सुशीलोत्सव" में संपन्न हुआ ग़ज़ल संग्रह "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



**गोड्डा**। विगत दिनों ईसीएल के पूर्व मुख्य प्रबंधक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर सुशील साहिल के गज़ल संग्रह का लोकार्पण एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में गाजियाबाद के होटल क्रिस्टल पैलेस में संपन्न हुआ। इस अभिनंदन, लोकार्पण सह साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था "सार्थक संवाद, अपनी आवाज़ अपने अल्फाज़" के द्वारा किया गया, जिसमें देश और विदेश के नामचीन साहित्यकारों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज करवाई। संस्था द्वारा यह सम्मान समारोह शायर सुशील साहिल के कोल इंडिया से सेवा निवृत्ति के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके सद्य प्रकाशित पुस्तक "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" का भव्य लोकार्पण हुआ. जिन साहित्यकारों के हाथों पुस्तक का लोकार्पण संपन्न हुआ उनमें - गीत गागर के संपादक भोपाल से दिनेश प्रभात, विवेकानंद भारतीय दूतावास रंगून के निदेशक डॉ आशीष कंधवे, कृषि मंत्रालय भारत सरकार के निजी सचिव सनोज कुमार सिंह, कोल इंडिया के सी.भी.ओ बृजेश त्रिपाठी, फॉर्टम इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अवधेश कुमार झा, संस्कार भारती झारखंड की प्रमुख डॉ रागिनी भूषण, सार्थक संवाद की संयोजिका डॉ सोनी सुगंधा,अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर दिनेश रघुवंशी एवं ताहिर फराज, मुंबई फिल्म नगरी के स्क्रिप्ट राइटर रासबिहारी पांडे, आईआईटी रुड़की के रजिस्टार महावीर सिंह वीर, जीएसटी कमिश्नर जेपी सिंह, माननीय न्यायाधीश विनोद तिवारी, प्रो. गुरुचरण सिंह ,चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ गीतकार रमेश शर्मा, भुदत्त शर्मा,गजलकार विजय स्वर्णकार, माधवी स्वर्णकार, डॉ अमर पंकज, लता सागर,शैलेंद्र पांडे शैल, हर्षवर्धन आर्य, उदयवीर सिंह, डॉ नीलम वर्मा, सोनिया अक्स ,डॉ राखी सिंह कटियार,डॉ आभा चौधरी, प्रमोद रामावत, बालमुकुंद राजपुरोहित, प्रतीक्षा तिवारी,मधु चतुर्वेदी, संजय अम्बष्ट, डॉ भावना तिवारी, शादाब अंजुम,मन्नान फ़राज़, प्रेम बिहारी मिश्र, दीप शिखा सागर, मीरा नवेली, पंकज गर्ग, तूलिका सेठ, आरिफा शबनम, यासमीन मूमल, प्रवीण राणा, विवेक कवीश्वर, गरिमा पांडे, उषा किरण,जिया बागपति, पुष्प लता राठौड़, आराधना प्रसाद, अविनाश बंधु,रत्नेश अवस्थी, विनय पवार, एवं विवेक शर्मा आदि प्रमुख थे। झारखंड संस्कार भारती प्रमुख डॉ रागिनी भूषण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया एवं नीलांबर चौधरी ने स्वागत गान। तत्पश्चात अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, सारस्वत अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ आशीष कंधवे ने गजल संग्रह "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" पर चर्चा करते हुए सुशील साहिल की गजलों को जन-जन की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी का बोलबाला न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी है, विगत कई वर्षों से म्यांमार जैसे देश में भी हिंदी लिखने और पढ़ने वालों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है। अध्यक्ष दिनेश प्रभात ने सुशील साहिल की रचनाओं को गागर में सागर भरने जैसा बताया। सारस्वत अतिथि अवधेश कुमार झा ने इंजीनियरिंग कॉलेज के सहपाठी सुशील ठाकुर को सुशील साहिल के रूप में ख्याति अर्जित करते हुए देखकर हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने नई पीढ़ियों से हिंदी भाषा को अपनाने का आह्वान किया। कोल इंडिया से आए मुख्य सतर्कता अधिकारी सह कवि बृजेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परिवार की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में संयुक्त परिवार के रूप में है ऐसे में "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं"नाम के गजल संग्रह की सार्थकता और बढ़ जाती है. शायर ताहिर फराज एवं दिनेश रघुवंशी ने सुशील साहिल को उनकी नई कृति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।समारोह की संयोजिका डॉ सोनी सुगंधा ने सभी मेहमानों का स्वागत फूल माला,शाल श्रीफल से किया। विगत 31 मार्च को कोल इंडिया लिमिटेड से अवकाश प्राप्त इंजीनियर एवं गजल संग्रह के रचयिता, शायर सुशील साहिल ने इस सम्मान समारोह को अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ उपहार बताया। कार्यक्रम सुबह के 11:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक लगातार चलता रहा . शायर मन्नान फ़राज़ की निजामत में चले कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में भाग लेने वाले सभी विद्वानों ने अपनी अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया. तीन सत्रों में चले इस कार्यक्रम में देश एवं विदेश के लगभग 150 साहित्यकारों ने भाग लिया. जमशेदपुर की संस्था सार्थक संवाद अपनी आवाज अपने अल्फाज ने सभी साहित्यकारों का सम्मान करते हुए उन्हें सुशीलोत्सव का मोमेंटो प्रदान किया. कार्यक्रम का मुख्य संचालन डॉ रागिनी भूषण ने एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेश पांडे शैल ने किया।

## जीबीएम कॉलेज के प्रधानाचार्य ने रेड रिबन युवा महोत्सव-2023 के विजेताओं को किया पुरस्कृत



नई सोच एक्सप्रेस

**गया**। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. जावेद अशरफ एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी-सह-रेड रिबन क्लब, गया की जिला नोडल पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के रेड रिबन क्लब युवा महोत्सव-2023 के तहत आयोजित गया जिला स्तरीय रेड रिबन रील्स मेकिंग प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड़ (महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतियोगिता दर्पण की प्रतियाँ पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर कॉलेज के बर्सर डॉ सहदेव बाउरी, एनसीसी केयर टेकर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी तथा परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे माँझी उपस्थित रहे। वहीं प्रधानाचार्य प्रोफेसर अशरफ ने रील्स प्रतियोगिता के विजेता सीयूएसबी के शिंजन चटर्जी, एम कॉलेज गया के अमित कुमार, जीबीएम कॉलेज की वंशिका कुमारी को मैराथन दौड़ (पुरुष वर्ग) के विजेता जगजीवन कॉलेज के राजू कुमार एवं विवेकानंद कुमार, एसएमएसजी कॉलेज शेरघाटी के विकास कुमार एवं शिवम कुमार, गया कॉलेज, गया के अमित कुमार को तथा मैराथन दौड़ (महिला वर्ग) की विजेता जीबीएम कॉलेज की शिल्पी कुमारी, तान्या रैना एवं आरती कुमारी, एसएमएसजी कॉलेज की आरती कुमारी तथा जगजीवन कॉलेज, गया की प्रियंका कुमारी को माह अप्रैल 2024 तथा मई 2024 के प्रतियोगिता दर्पण पत्रिका की प्रतियाँ देकर सम्मानित किया गया। वहीं कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि इन सभी विजेताओं को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से माह अप्रैल 2024 से लेकर अप्रैल 2025 तक प्रतियोगिता दर्पण की प्रतियाँ निःशुल्क भेजी जायेंगी। विजेताओं को प्रमाण पत्र पहले ही भेजा जा चुका है।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह "सुशीलोत्सव" में संपन्न हुआ ग़ज़ल संग्रह "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा**। विगत दिनों ईसीएल के पूर्व मुख्य प्रबंधक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर सुशील साहिल के गज़ल संग्रह का लोकार्पण एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में गाजियाबाद के होटल क्रिस्टल पैलेस में संपन्न हुआ। इस अभिनंदन, लोकार्पण सह साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था "सार्थक संवाद, अपनी आवाज़ अपने अल्फाज़" के द्वारा किया गया, जिसमें देश और विदेश के नामचीन साहित्यकारों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज करवाई। संस्था द्वारा यह सम्मान समारोह शायर सुशील साहिल के कोल इंडिया से सेवा निवृत्ति के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके सद्य प्रकाशित पुस्तक "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" का भव्य लोकार्पण हुआ. जिन साहित्यकारों के हाथों पुस्तक का लोकार्पण संपन्न हुआ उनमें - गीत गागर के संपादक भोपाल से दिनेश प्रभात, विवेकानंद भारतीय दूतावास रंगून के निदेशक डॉ आशीष कंधवे, कृषि मंत्रालय भारत सरकार के निजी सचिव सनोज कुमार सिंह, कोल इंडिया के सी.भी.ओ बृजेश त्रिपाठी, फॉर्टम इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अवधेश कुमार झा, संस्कार भारती झारखंड की प्रमुख डॉ रागिनी भूषण, सार्थक संवाद की संयोजिका डॉ सोनी सुगंधा,अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर दिनेश रघुवंशी एवं ताहिर फराज, मुंबई फिल्म नगरी के स्क्रिप्ट राइटर रासबिहारी पांडे, आईआईटी रुड़की के रजिस्टार महावीर सिंह वीर, जीएसटी कमिश्नर जेपी सिंह, माननीय न्यायाधीश विनोद तिवारी, प्रो.गुरुचरण सिंह ,चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ गीतकार रमेश शर्मा, भुदत्त शर्मा,गजलकार विजय स्वर्णकार, माधवी स्वर्णकार, डॉ अमर पंकज, लता सागर,शैलेंद्र पांडे शैल, हर्षवर्धन आर्य, उदयवीर सिंह, डॉ नीलम वर्मा, सोनिया अक्स ,डॉ राखी सिंह कटियार,डॉ आभा चौधरी, प्रमोद रामावत, बालमुकुंद राजपुरोहित, प्रतीक्षा तिवारी,मधु चतुर्वेदी, संजय अम्बष्ट, डॉ भावना तिवारी, शादाब अंजुम,मन्नान फ़राज़, प्रेम बिहारी मिश्र, दीप शिखा सागर, मीरा नवेली, पंकज गर्ग, तूलिका सेठ, आरिफा शबनम, यासमीन मूमल, प्रवीण राणा, विवेक कवीश्वर, गरिमा पांडे, उषा किरण,जिया बागपति, पुष्प लता राठौड़, आराधना प्रसाद, अविनाश बंधु,रत्नेश अवस्थी, विनय पवार, एवं विवेक शर्मा आदि प्रमुख थे। झारखंड संस्कार भारती प्रमुख डॉ रागिनी भूषण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया एवं नीलांबर चौधरी ने स्वागत गान। तत्पश्चात अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, सारस्वत अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ आशीष कंधवे ने गजल संग्रह "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं" पर चर्चा करते हुए सुशील साहिल की गजलों को जन-जन की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी का बोलबाला न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी है, विगत कई वर्षों से म्यांमार जैसे देश में भी हिंदी लिखने और पढ़ने वालों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है। अध्यक्ष दिनेश प्रभात ने सुशील साहिल की रचनाओं को गागर में सागर भरने जैसा बताया। सारस्वत अतिथि अवधेश कुमार झा ने इंजीनियरिंग कॉलेज के सहपाठी सुशील ठाकुर को सुशील साहिल के रूप में ख्याति अर्जित करते हुए देखकर हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने नई पीढ़ियों से हिंदी भाषा को अपनाने का आह्वान किया। कोल इंडिया से आए मुख्य सतर्कता अधिकारी सह कवि बृजेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परिवार की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में संयुक्त परिवार के रूप में है ऐसे में "यहां सब लोग हंसते बोलते हैं"नाम के गजल संग्रह की सार्थकता और बढ़ जाती है. शायर ताहिर फराज एवं दिनेश रघुवंशी ने सुशील साहिल को उनकी नई कृति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।समारोह की संयोजिका डॉ सोनी सुगंधा ने सभी मेहमानों का स्वागत फूल माला,शाल श्रीफल से किया। विगत 31 मार्च को कोल इंडिया लिमिटेड से अवकाश प्राप्त इंजीनियर एवं गजल संग्रह के रचयिता, शायर सुशील साहिल ने इस सम्मान समारोह को अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ उपहार बताया। कार्यक्रम सुबह के 11:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक लगातार चलता रहा . शायर मन्नान फ़राज़ की निजामत में चले कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में भाग लेने वाले सभी विद्वानों ने अपनी अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया. तीन सत्रों में चले इस कार्यक्रम में देश एवं विदेश के लगभग 150 साहित्यकारों ने भाग लिया. जमशेदपुर की संस्था सार्थक संवाद अपनी आवाज अपने अल्फाज ने सभी साहित्यकारों का सम्मान करते हुए उन्हें सुशीलोत्सव का मोमेंटो प्रदान किया. कार्यक्रम का मुख्य संचालन डॉ रागिनी भूषण ने एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेश पांडे शैल ने किया।

**लेट्स इंस्पायर बिहार**
**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार आईपीएस विकास वैभव युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। ]**

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। अर्थातः– जहां आपने जन्म लिया है, वह स्वर्ग से भी बड़ी भूमि है। उसके प्रति वफादारी जरूरी है। जब हम अपने अंतर्मन की आवाज को सुनने लगते हैं तब, हमारे अंदर मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्ज्वलित होता हैं। और, उस प्रकाश से समाज का अंधियारा दूर होने लगता है। सबसे सुंदर बात यह होती है कि एक बार दीप प्रज्ज्वलित हो जाएं तो, व्यक्ति के अंदर राष्ट्र चेतना का विकास होता है। और, राष्ट्र के निर्माण के लिए लोगों के अंदर वफादारी का भाव उत्पन्न होने लगता है। प्रश्न यह है कि हृदय के दीप को आखिर कौन प्रज्वलित करेगा? इसके दो पहलु है। पहला समाज में व्याप्त स्वार्थ के चलते लोगों को बहुत ज्यादा भरोसा एक दूसरे पर नहीं होता हैं। दूसरा बहुत कम ऐसे व्यक्ति हैं जो, अपने परिवार से हटकर समाज के विषय में सकारात्मक सोच पाते हैं। ऐसे ही ईमानदार प्रयास आईपीएस विकास वैभव के द्वारा लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चलाकर किया जा रहा हैं। अब, बिहार के युवा अपने बिहार के बेहतरी के लिए संकल्प लेना शुरू कर दिए हैं। युवाओं के हौसलों की बुनियाद पर बिहार के प्रगति का रथ आगे बढ़ने को तैयार हो रहा है। सूखे रेगिस्तान में तब्दील हो रहे मानव हृदय में मानवीय संवेदनाओं के बीज को बोकर, ज्ञान की बारिश के साथ युवाओं के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव तटस्थ हो चूके है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के दो साल के कठीन परिश्रम के बाद, सुख चुके दरख्तों में नए कोंपल फूंटने लगे हैं।आईपीएस विकास वैभव से प्रेरित होकर लाखों बिहार के युवा, उनकी तरह ही इंसान बनने के लिए, सच्चाई की राह पर निकल पड़े हैं। गजब का सामाजिक मंच लेट्स इंस्पायर बिहार आईपीएस विकास वैभव ने बिहारियों को तोहफ़ा के तौर पर दे दिया है। सिसक रहे, सुबक रहे और भीषण जाड़े के दर्द से कहार रहे लोगों की सेवा के लिए लाखों बिहारी हाथ निःस्वार्थ होकर सहयोग के लिए आगे आएं हैं। जिस प्रकार से शिक्षक शिक्षा दान के लिए आगे आ रहे हैं, मेधावी छात्रों के आंखों की चमक बढ़ गई हैं। गरीब सलम के बच्चों को नाट्य प्रस्तुति, संगीत और शिक्षा प्रदान कर गार्गी चैप्टर की बहनों ने अभूतपूर्व योगदान दिया हैं। अभियांत्रिकी से जुड़े बिहार के आप्रवासी भाई बिहार के युवाओं को टेक्निकल एक्सपर्ट बनाने के लिए प्रस्ताव दे रहे हैं। हज़ारों युवाओं ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से प्रभावित होकर स्वरोजगार को चुन लिया है। इस तरह लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार आईपीएस विकास वैभव युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। धैर्य के साथ एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य को करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जा रहा हैं। 6 जून 2022 को होटल मौर्या में अयोजित प्रोग्राम 'वाइब्रेंट बिहार' से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान को नई पहचान मिली। बिहार के नए उद्यमियों के लिए आशा की किरण के रूप में दिखाई दिया। पूर्ण हौसलों के साथ बिहार निर्माण की बुनियाद रखी जा रही हैं। आने वाले कल की तैयारी में बिहार की युवा पीढ़ी जुट गई हैं। बिहार के नैसर्गिक सौंदर्य को और संस्कृति को बरकरार रखते हुए, आधुनिकता के चरण को छू लेने वाले युवाओं के संकल्प को, हार्दिक शुभकामनाएं दे रहा हूं। सब को ईमानदारी से सहयोग करना है। जो जहां है, जिस भी ऊंचाई पर है। बस, अपने नीचे वाले को हाथ पकड़ कर खींच ले। साथ ही एक ईमानदार कोशिश यह होनी चाहिए कि जो पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से बिहार निर्माण के लिए निकल पड़े हैं, उनके हौसलें कमज़ोर नहीं हो। दुरूह कार्य करने के लिए, असीम क्षमता के हर बिहारी को सिर्फ हौसला अफजाई की जरूरत है। जिसको, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार आईपीएस विकास वैभव कर रहे हैं। मातृ भूमि की सेवा के लिए सबको आगे आना चाहिए। जिस धरा पर आपने जन्म लिया है, वह स्वर्ग से भी बड़ी भूमि है। उसके प्रति वफादारी जरूरी है। आइए, अपने बिहार को सुंदर बनाने में सार्थक प्रयास करते हैं, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## सीतामढ़ी अभियंत्रण महाविद्यालय में हुआ अंग्रेजी के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

सीतामढ़ी। डुमरा गोसाईंपुर स्थित सीतामढ़ी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक दिवसीय अंग्रेजी भाषा की कार्यशाला आयोजित की गई जिसका थीम इंग्लिश एज ए ग्लोबल लैंग्वेज था। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले संस्थान के प्राचार्य एवं आगत अतिथि के द्वारा पौधारोपण किया गया । मुख्य वक्ता बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के रिटायर्ड विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ देवव्रत प्रसाद थे। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गान से हुई। संस्थान के प्राचार्य द्वारा मुख्य वक्ता का स्वागत शाल , मोमेंटो और पौधा दे कर किया गया जिसमे संस्थान के सभी फैकल्टी भी उपस्थित थे। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉo आरती ने सभी का स्वागत किया और उनके द्वारा विषय प्रवेश किया गया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में अंग्रेजी के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए व्यक्तित्व विकास में कम्युनिकेशन स्किल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सभी अभियंत्रण महाविद्यालय में डेडीकेटेड इंग्लिश लैंग्वेज लैब की स्थापना हुई है जिससे छात्र छात्राओं को अंग्रेजी सीखने में आसानी होगी । मुख्य वक्ता डॉo देवव्रत प्रसाद द्वारा विषय पर भरपूर जानकारी दी गई। अंग्रेजी के बढ़ते विश्वस्तरीय महत्व और रोजगार में इसकी उपयोगिता और अंग्रेज़ी सीखने की चुनौतियां को भी उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी एक संपर्क भाषा है और साहित्य को पढ़ने से इसके ग्रामर और लैंग्वेज को सीखना और भी आसान होगा। उन्होंने अंग्रेजी सीखने के कई टिप्स दिए साथ ही बताया कि किसी को कोई भी भाषा सीखने की आजादी है किंतु अंग्रेजी भाषा को एक ग्लोबल भाषा की तरह देखना चाहिए और इसे इच्छुक होकर सीखना चाहिए। कार्यशाला में वोकैबलरी गेम्स, क्विज, भाषण और विभिन्न रोचक गतिविधियों द्वारा छात्र छात्राओं को अंग्रेजी सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता द्वारा छात्रों के कई प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इस प्रकार के इंटरएक्टिव सेशन से विद्यार्थी बहुत लाभान्वित हुए। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में पोस्टर मेकिंग, क्विज, लेटर राइटिंग, निबंध लेखन, हिंदी एवं अंग्रेजी कविता वाचन, स्पीच और अन्य खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उप- विजेताओ को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। आगत अतिथि ने भी प्राचार्य को अपनी दो पुस्तकें भेंट की ।अंत में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ आरती कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## गुडनाइट सर्वेक्षण में हुआ खुलासा - मच्छरों के कारण होने वाली नींद की गड़बड़ी से भारत की आधी से अधिक उत्पादकता पर बुरा असर

**पटना।** देश की आधे से अधिक (58 प्रतिशत) उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि मच्छरों के कारण नींद में खलल पड़ने के कारण लोग तनावग्रस्त/थका हुआ महसूस करते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के भारत के अग्रणी घरेलू कीटनाशक ब्रांड गुडनाइट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से महत्वपूर्ण रहस्य सामने आया है। आगामी विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) को देखते हुए यह सर्वे और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स टाइटल के साथ यह देशव्यापी सर्वे गुडनाइट द्वारा शुरू किया गया था, और बाजार अनुसंधान फर्म ल्वनळवअ द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वे जनता के रुख की जांच करता है, और मच्छर जनित बीमारियों के खतरों का आकलन करता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में भारत के चार क्षेत्रों - उत्तर (मध्य क्षेत्र के राज्यों सहित), दक्षिण, पश्चिम और पूर्व के उत्तरदाताओं को शामिल किया गया। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर - इंडिया, अश्विन मूर्ति कहते हैं, गुडनाइट की 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल वाली राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण रिपोर्ट दरअसल जनता के रवैये पर प्रकाश डालती है और मच्छर जनित बीमारियों से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करती है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत में मच्छरों की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को कार्रवाई करने में सक्षम बनाना और देश को किफायती लेकिन नवीन समाधान प्रदान करना है। भारत में प्रतिवर्ष 40 मिलियन से अधिक नागरिक मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं। बीमारी, स्वास्थ्य देखभाल खर्च और कम उत्पादकता के कारण बड़ी मात्रा में आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। गुडनाइट रिपोर्ट के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. कीर्ति सबनीस, संक्रामक रोग विशेषज्ञ, फोर्टिस अस्पताल, मुलुंड, मुंबई, ने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि एक अकेला मच्छर जीवन-घातक बीमारियों को फैलाने की क्षमता रखता है। ये छोटे, भिनभिनाने वाले कीड़े डेंगू, मलेरिया और कई अन्य बीमारियों का घातक प्रसार कर रहे हैं। वे हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं, जिससे व्यक्ति अन्य बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। गुडनाइट रिपोर्ट के अनुसार 62 प्रतिशत पुरुषों और 53 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि मच्छरों के कारण नींद में खलल की वजह से उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। यह विशेष रूप से भारत के हालिया आर्थिक उछाल के संदर्भ में चिंताजनक है, जहां एक स्वस्थ कार्यबल को सर्वोपरि माना जाता है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, अकेले मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से भारत का आर्थिक बोझ लगभग 16000 करोड़ रुपए है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, लगभग 75 प्रतिशत आर्थिक बोझ भारतीयों की कमाई के नुकसान और शेष उपचार खर्चों के कारण पड़ता है। भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इस क्षेत्र के 67 प्रतिशत लोगों को लगता है कि मच्छरों के कारण नींद में खलल के कारण उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। दक्षिणी भारत 57 फीसदी लोगों के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद उत्तरी भारत के 56 फीसदी लोग शामिल हैं, और पूर्वी क्षेत्र के 49 फीसदी लोग प्रभावित हैं। गुडनाइट सर्वेक्षण से एक और उल्लेखनीय जानकारी यह मिली है कि मच्छर के कारण लोग अच्छी नींद नहीं ले पाते हैं। पूरे भारत में, औसतन हर दो में से एक वयस्क (50 प्रतिशत) ने मच्छरों को अपनी नींद में खलल का मुख्य कारण माना है। दिलचस्प बात यह है कि पश्चिम भारत के लोग इस कथन से सबसे अधिक सहमत हैं (56 प्रतिशत), इसके बाद उत्तर (52 प्रतिशत), दक्षिण (47 प्रतिशत) और पूर्व (42 प्रतिशत) का नंबर आता है। इसके अलावा, महिलाओं (46 प्रतिशत) की तुलना में पुरुष (54 प्रतिशत) इस भावना से अधिक सहमत नजर आते हैं। गुडनाइट मच्छरों से उत्पन्न खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और इन हानिकारक कीड़ों के खिलाफ राष्ट्रीय लड़ाई में योगदान देने में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। परिवारों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए फ्लैश वेपोराइज़र और एडवांस्ड फास्ट कार्ड जैसे अभिनव मच्छर प्रतिरोधी समाधान प्रदान करने का गुडनाइट का एक लंबा इतिहास है। अवैध, अनियमित और चीनी रसायन युक्त मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती के हालिया स्वास्थ्य जोखिमों को पहचानते हुए, गुडनाइट ने हाल ही में भारत की पहली सरकार द्वारा अनुमोदित, मच्छर-रोधी अगरबत्ती, गुडनाइट अगरबत्ती लॉन्च की है। यह इनोवेटिव प्रोडक्ट उपभोक्ताओं को रसायन युक्त चीनी आयात का एक सुरक्षित विकल्प प्रदान करता है। इस प्रोडक्ट को लॉन्च करना दरअसल मच्छरों के खिलाफ चल रही लड़ाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ ही कंपनी हितधारकों से सहयोग करने और भारत के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का आग्रह भी करती है।

## 28 को होगा मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर की ओर से एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के प्रांगण में रविवार 28 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक शिवहरी अग्रवाल, सागरमल ज्वेलर्स, कंकड़बाग के सौजन्य से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि मरीज प्रातः आठ बजे से जांच के लिए अपना नम्बर लगा सकेंगे। प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक डॉक्टर मरीजों की जांच करेंगे। गुप्ता ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के 21 विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। जिनमे प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शिल्पी अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी एवं उषा अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ अमिताभ बंका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंगद कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन, एवं डॉ मुकेश कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ विराट सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित खेमका, डॉक्टर हर्षिता बंका एवं डॉ कोमल कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित उपाध्याय, कैंसर प्रोस्थेटिक विशेषज्ञ डॉ नेहा अग्रवाल, ईएनटी डॉ वंदना शर्मा सहित कुल इक्कीस विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को देखेंगे। चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी जाँच उसी दिन निःशुल्क किये जायेंगे तथा सभी 11उपलब्ध दवाएँ भी निःशुल्क दिए जाएंगे। साथ ही आंख के मरीजों को नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी समाज के हर तबके के बीच में लगातार विभिन्न स्थलों पर निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करती रहती है।

## जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने ट्वीट के जरिये राजद को दिखाया आईना

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज अपने एक्स हैंडल के जरिये तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए उन्हें जम कर आइना दिखाया। केंद्र की एनडीए सरकार पर तेजस्वी के किये गये हमले का उन्होंने बिन्दुवार जवाब दिया। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि तेजस्वी यादव खाली सवाले पूछते रहियेगा कि कभी जवाब देने की हिम्मत भी दिखाइएगा! जिस संविधान और लोकतंत्र का रोना रोज रोते रहते हैं कभी उसको समझने की कोशिश भी तो कीजिए, खाली लफ्फाजी से काम कब तक चलाइयेगा? तेजस्वी के लोकतंत्र व संविधान के खतरे में होने के आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने लिखा कि कभी कांग्रेस के आपातकाल की मार झेल चुके अपने बाबूजी से पूछियेगा कि लोकतंत्र और संविधान जब खतरे में आता है तो सरकार का कहर आम जनों पर कैसे टूटता है। उनसे पूछियेगा कि उन्होंने आपकी बड़ी बहन का नाम मीसा क्यों रखा था? संविधान बदलने वाली और लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने वाली कांग्रेस की गोद में बैठ कर प्रवचन देने से कोई लाभ नहीं मिलने वाला। आरक्षण के मसले पर तेजस्वी को आइना दिखाते हुए उन्होंने लिखा कि तेजस्वी यदव अपने माता-पिता की तरह आपने भी आरक्षण पर छाती कूटना शुरू कर दिया है। एनडीए सरकार ने तो महिलाओं व गरीब सवर्णों समेत समाज के पिछड़े/अतिपिछड़ों का आरक्षण बढाया है? आपके राजद के राज में क्या किसी एक भी वर्ग का आरक्षण क्यों नहीं बढ़ा था? इसके अलावा दलितों पिछड़ों और गरीबों की पर तो मगरमच्छी आंसू बहाइये ही मत भूलिए मत आपके राज में इनका नरसंहार कैसे होता था।

# जोश टॉक्स ने शहरी विकास को गतिशील करने के लिए किया सिटी चैंपियन्स 2024 का आगाज़

**2023 में पहले लॉन्च की गई सफलता के आधार पर, सिटी चैंपियन्स का उद्देश्य शहरी विकास के मुख्य क्षेत्रों में काम करने वाले संगठनों की पहचान करना, समर्थन करना, और वित्त प्राप्ति को तेजी से बढ़ाना है। IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क के सहयोग से अपने एक्सेलरेटर पार्टनर के रूप में, सिटी चैंपियन्स 2024 ने 16 प्रभावशील संगठनों को सशक्त बनाने का निशाना बनाया है**

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जोश टॉक्स, एक क्षेत्रीय कंटेंट और कौशलिय विकास आधारित प्लेटफ़ॉर्म ने सिटी चैंपियन्स 2024 का शुभारंभ किया। 2023 के प्रारंभिक आगाज़ के बाद से, सिटी चैंपियन्स का उद्देश्य मुख्य रूप से निरंतर शहरी विकास के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों की पहचान कर उन्हें समर्थन और प्रोत्साहन करना रहा है। साल 2022 में जारी विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2036 तक भारत में 60 करोड़ लोग शहरों में रहेंगे, जो भारत की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत होगा। पीने योग्य स्वच्छ जल, उचित बिजली आपूर्ति, कुशल एवं सुरक्षित सड़क परिवहन के लिए अधिक मांग भारतीय शहरों के तंग शहरी बुनियादी ढांचे और सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। आधुनिक संरचनाओं का निर्माण जीवनीय, जलवायु-प्रतिरक्षात्मक और समावेशी शहर बनाए जा सकने की वह कुंजी है, जिसके सहारे अर्थव्यवस्था को अद्भुत गति मिलती है। इसे हासिल करने के लिए कुछ संगठन काम कर रहे हैं और इसलिए उनके काम को आलोकित कर, उन्हें पूंजी प्रदान करना और समर्थन करना महत्वपूर्ण है। ओमिडयार नेटवर्क इंडिया के समर्थन से, कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा, जलवायु नियंत्रण, जल और स्वच्छता, शहरी नियोजन एवं कल्याण, युवा एवं बाल्य कल्याण, शहरी सार्वजनिक परिवहन, और सतत संरचना जैसे आठ विषय क्षेत्रों में चयनित संगठनों की पहचान करना है। सिटी चैंपियन्स 2024 का उद्देश्य IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क को विकासशील साथी के रूप में एक 12-हफ्ते क्षमता निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से सहायकता देना है, जिसमें 16 प्रभावशील संगठनों को पेशेवरता, बाज़ार की परख, निवेश तैयारी और त्वरित विकास और विस्तार के साथ सशक्त किया जाएगा। जोश टॉक्स की सी.ई.ओ. और सह-संस्थापक सुप्रिया पॉल ने इस साल के कार्यक्रम के प्रति अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा, "पिछले साल City Champions 121 शहरों में 30 लाख से अधिक लोगों तक पहुँचाऔर हम इसे इस साल अधिक लोगों तक पहुंचने की आशा कर रहे हैं। यह पहल हमारे इस दृण निश्चय का साक्षी है जो कि सभी नागरिकों के लिए बसने योग्य, पर्यावरणिक और सुरक्षित शहर बनाने के लिए किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम इसके माध्यम से सामाजिक संगठनों को आवश्यक उपकरण और संसाधन प्रदान करें ताकि वे अपने प्रयासों को प्रभावी और दीर्घकालिक बना सकें। " ओमिडयार नेटवर्क इंडिया के पार्टनर, शिल्पा कुमार ने कहा, "हमारे लिए 2024 के सिटी चैंपियन्स का समर्थन करना बेहद गर्व का विषय है। साथ ही यह शहरी समुदायों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों को संबोधित करने के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी बनाने में समर्थ है। रणनीतिक दिशा निर्देशन, नेटवर्किंग के अवसरों, और वित्त पहुंच प्रदान करके, हमें यकीन है कि यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण परिवर्तन लाएगा।" IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क के सीईओ, डॉ. सुभ्रंशु संयाल, ने जोड़ा, "हम IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क में नवाचार और उद्यमिता को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का विश्वास करते हैं जो बड़े सामाजिक चुनौतियों का सामना करता है और आजीविका के अवसरों का निर्मित है। यह सहयोग हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है जो प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हैं और सतत विकास के लक्ष्यों को प्रभावित करते हैं। इस साझेदारी के माध्यम से, हम चयनित संगठनों को आधुनिक मूल्यवान संसाधन, मेंटरशिप और विकास के अवसर प्रदान करने की आशा करते हैं, अंततः उन्हें देश में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने की शक्ति प्रदान करना।" जोश टॉक्स ने सिटी चैंपियंस 2024 के लिए 'प्रासिद्धि वन फाउंडेशन' के साथ साझेदारी की है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक आवेदन पर एक पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति योगदान दिया जाएगा। जो संगठन आवेदन करना चाहते हैं, वे www.joshtalks.com/citychampions/ वेबसाइट पर फॉर्म भर कर नामांकन कर सकते हैं। आवेदन 20 मई 2024 तक खुले हैं।

- 2024 कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 20 मई 2024 तक खुला है

**जोश टॉक्स**:गुरुग्राम, में हरियाणा स्थित जोश टॉक्स, एक क्षेत्रीय कंटेंट और अपस्किलिंग प्लेटफ़ॉर्म है, जो 2015 में शोभित बंगा और सुप्रिया पॉल द्वारा स्थापित किया गया था ताकि भारत की युवा जनता तक उनके बीच से निकली की सफल कहानियां पहुँचाई जा सके। यह अब भारत का एक बड़ा क्षेत्रीय कंटेंट वितरण नेटवर्क है जो 10 क्षेत्रीय भाषाओं और 8 कंटेंट वर्गों, राज्यों और जिलों में उपलब्ध है। 2020 में, उन्होंने जोश टॉक्स इंग्लिश स्पीकिंग ऐप लॉन्च किया था ताकि भारत की ग्रामीण जनता भी अंग्रेजी में बिना हिचकिचाहट संवाद कर सके। इस कोर्स ने उद्योग में अग्रणी रेटेंशन दरों के साथ उपयोगकर्ताओं के लिए नए रोजगार के अवसरों को खोलते हुए मजबूत उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया उत्पन्न की है। दिसंबर 2023 तक, उनके कंटेंट ने 2.5 अरब पूर्णकालिक दर्शनों को जुटाया है जिसमें प्लेटफ़ॉर्मों पर औसत 270+ मिलियन मासिक दर्शन हैं। जोश टॉक्स इंग्लिश स्पीकिंग ऐप के पास 8 मिलियन से अधिक डाउनलोड और 400,000+ भुगतान करने वाले उपयोगकर्ता हैं। जोश टॉक्स बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, मेटा, अमेज़न, डायजियो, और अन्य साथी संगठनों के साथ नई समाधानों को स्केल करने और आगे के पाँच अरब को एक एसडीजी-सच्चित भविष्य बनाने के लिए नजदीक से काम करता है।

**ओमिडयार नेटवर्क इंडिया (ONI)**:ओमिडयार नेटवर्क इंडिया (ओ एनआई) एक निवेश फर्म है जो प्रभाव के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित करती है। ONI ओमिडयार ग्रुप का हिस्सा था, जो उन कंपनियों, संगठनों और पहलों का विविध संग्रह है, जिसे सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकोपकारी पैम और पियर ओमिडयार, ई-बे के संस्थापक, ने समर्थन दिया। 2019 में, ONI को एक नए निर्देशन के साथ स्वतंत्र निवेश सलाहकार फर्म के रूप में संकलित किया गया था। भारत के एकीकृत सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को हल करने की पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा देने के लिए, ओएनआई पेशेवर, गैर-लाभकारी और सार्वजनिक उद्यमियों के साथ काम कर रहा है जो भारत और भारतीयों की अनौपचारिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। निर्धारित स्थिति और प्रभाव को स्तरों पर संचालित करने के लिए, ONI भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण और दायित्वपूर्ण समस्याओं का सामना कर रहे निजी, गैर-लाभकारी और सार्वजनिक उद्यमियों के साथ काम कर रहा है। ओमिडयार नेटवर्क इंडिया ने 2008 में भारत में अपना पहला निवेश किया था और अब तक निवेशों और अनुदानों के माध्यम से लगभग 300 मिलियन डॉलर का निवेश कर चुका है।

**IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क (IIMCIP)**:IIM कलकत्ता इनोवेशन पार्क (IIMCIP) को IIM कोलकाता के अधीन स्थापित किया गया था ताकि उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके, नवाचार को पोषित किया जा सके, एवं पूर्वी और उत्तर-पूर्व भारत पर ध्यान केंद्रित कर एक उद्यमिता पारिस्थितिकी का विकास किया जा सके। IIMCIP का विशेष ध्यान सामाजिक उद्यमिता पर है और सामाजिक प्रभाव के साथ प्रौद्योगिकी संचालित नवाचार और अविष्कार का समर्थन करता है। पिछले आठ से अधिक वर्षों में, IIMC-IP में पूरे भारत में 1 मिलियन युवाओं ने शिक्षा प्रदान किया है।, 35,000+ नवीन विचारों को प्रोत्साहित किया गया है।, 5,500+ उद्यमियों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया है, इसके साथ ही 900+ स्टार्टअप्स का समर्थन किया है। इस प्रकार से वह देश में तेजी से बढ़ते गुणवक्ता जीवी संस्थानों में से एक और सामाजिक उद्यमिता में प्रमुख संस्थान बना है।

## रिलायन्स ज्वैल्स ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में लॉन्च किया विंध्या कलेक्शन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारत के प्रमुख ज्वैलरी ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स ने अनूठे एवं शानदार कलेक्शन के साथ त्योहार मनाने की परम्परा को जारी रखते हुए इस साल अक्षय तृतीया के अवसर पर विंध्या कलेक्शन का अनावरण किया है। अपनी प्रतिष्ठित 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन सीरीज़ में यह नौंवा कलेक्शन, मध्य प्रदेश की समृद्ध कलात्मक परम्पराओं से प्रेरित है। फैशन आइकन एवं बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने वाराणसी स्थित रिलायन्स ज्वैल्स स्टोर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान इस एक्सक्लुज़िव फेस्टिव कलेक्शन का अनावरण किया। अक्षय तृतीया एक पावन उत्सव है, जिसे हिंदु संस्कृति में समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर आभूषण खरीदना शुभ मानते हैं। इसी के मद्देनज़र रिलायन्स ज्वैल्स का विंध्या कलेक्शन शानदार आभूषण लेकर आया है, जो मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं वास्तुकला से प्रेरित हैं। इस कलेक्शन का हर पीस का डिज़ाइन मध्य प्रदेश के लोकप्रिय स्मारकों जैसे ग्वालियर के किले, सांची स्तूप, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर और मितावली एवं बटेश्वर मंदिर से प्रेरित है। लॉन्च के अवसर पर श्री सुनील नायक, सीईओ, रिलायन्स ज्वैल्स ने कहा, ''इस अक्षय तृतीया विंध्या कलेक्शन का लॉन्च भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्य प्रदेश की समृद्ध परम्पराओं से प्रेरित यह कलेक्शन हमारी 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' सीरीज़ का नौंवा कलेक्शन है, जो भारतीय कला एवं कारीगरी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।''




- बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने उत्सव में ग्लैमर का तड़का लगाते हुए इस नए ज्वैलरी कलेशन का अनावरण किया

उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, ''अक्षय तृतीया आभूषण खरीदने के लिए अच्छा मौका है, क्योंकि इस त्योहार को समृद्धि एवं सम्पत्ति का प्रतीक माना जाता है। इस साल हम विंध्या कलेक्शन के साथ अपने उपभोक्ताओं के लिए अपने घर समृद्धि लाने का मौका लेकर आए हैं! यह शानदार कलेक्शन न सिर्फ समृद्धि एवं भव्यता का बल्कि अक्षय तृतीया और हमारे ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स की जश्न की भावना का भी प्रतीक है।'' अभिनेत्री दिशा पटानी ने रिलायन्स ज्वैल्स के वाराणसी स्टोर में इस कलेक्शन का अनावरण करते हुए कहा, 'इस कलेक्शन का हर पीस अपने आप में मास्टरपीस है जो मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और वास्तुकला का प्रतीक है। मुझे इसका डायमण्ड नैकलैस डिज़ाइन खूब पसंद आया, जो उज्जैन के कई मंदिरों का खूबसूरती से चित्रण करता है। यह सिर्फ आभूषण नहीं है; यह परम्परा और सौंदर्य का संयोजन है जो हर किसी की वार्डरोब में होना ही चाहिए।'' विंध्या कलेक्शन में आभूषणों की व्यापक रेंज शामिल है, जिसमें खूबसूरत चोकर से लेकर बारीकी से डिज़ाइन की गई चूड़ियां हैं जिन्हें गोल्ड एवं डायमण्ड में बनाया गया है। विंध्या कलेक्शन सिर्फ आभूषण नहीं है, यह परम्परा, भव्यता और सदाबहार सौंदर्य का जश्न है। ये आभूषण किसी भी परिधान की खूबसूरती में ग्लैमर का तड़का लगा देंगे, फिर चाहे वह पारम्परिक साड़ी हो, आधुनिक परिधान या रोज़मर्रा के परिधान। तो इन नए आभूषणों को अपनाएं और स्टाइल के साथ अक्षय तृतीया का जश्न मनाएं। विंध्या कलेक्शन रिलायन्स ज्वैल्स की असाधारण सीरीज़ 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' का नया एडीशन है, जो भारत के विविध धर्मों, परम्पराओं, वास्तुकला और कारीगरी का उजागर करता है। यह कलेक्शन मध्य प्रदेश की बेहतरीन कारीगरी और भव्यता से प्रेरित है।

**इस सीरीज़ के पिछले आठ कलेक्शन्स ने भी भारत के सौंदर्य को बयां करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है-**

स्वर्ण बंगा कलेक्शन बंगाल की कविताओं की खूबसूरती एवं सांस्कृतिक धरोहर को श्रद्धांजली अर्पित करता है।

थंजावुर कलेक्शन चोला साम्राज्य की राजधानी थंजावुर की ऐतिहासिक समृद्धि से प्रेरित है।

महालय कलेक्शन महाराष्ट्र की भव्यता का प्रतीक है।

रणकार कलेक्शन कच्छ के रण के अद्भुत सौंदर्य को बयां करता है।

कास्यम कलेक्शन बनारस की भव्यता का चित्रण करता है।

उत्कला कलेक्शन उड़ीसा की जींवत संस्कृति को दर्शाता है।

अतुल्य कलेक्शन राजस्थान की शाही धरोहर और मुगल काल की भव्यता को प्रदर्शित करता है।

अपूर्वम कलेक्शन हम्पी की स्थापत्य भव्यता को चित्रित करता है।

विंध्या कलेक्शन अब रिलायन्स ज्वैल्स के सभी स्टोर्स पर उपलब्ध है।

अक्षय तृतीया के इस अवसर पर इसके आकर्षक आभूषण को खरीदें, इन खूबसूरत आभूषणों से अपने आप को सजाएं और साथ ही अपने घर में समृद्धि लाएं।

## बिना चीरफाड़ किए हृदय के छेद को डिवाइस की मदद से बंद किया

नई सोच एक्सप्रेस



**सहरसा ।** 45 वर्षीय महिला के दिल का सफल इलाज निन्ती एडवांस कैथलैब सहरसा में डॉ. गिरिजा शंकर झा की निगरानी में किया गया। अब महिला अपने आपको स्वस्थ महसूस कर रही। इस संबंध में महिला के बारे में पूछे जाने पर डॉ. गिरिजा शंकर झा ने कहा कि महिला मेरे अस्पताल में इलाज कराने के लिए आई। महिला को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी साथ ही सीढ़ी चढ़ने में सांस फूलने के अलावा काफी घबराहट होती थी। अब वह महिला स्वस्थ्य हो गयी है और महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। डॉ. गिरिजा शंकर झा ने कहा कि मरीज को इको किया तो पाया की 26 एमएम का सुराख है। बिना अनेस्थेसिया के ही पैर द्वारा डिवाइस क्लोजर से 26 एमएम के सुराख में डिवाइस लगा दिया गया। जिसके कारण अब महिला मरीज स्वस्थ हो कर अच्छी तरह से चल घूम रही है। अब सांस लेने में किसी तरह की कोई दिक्कत महसूस नहीं हो रही है। डॉ. गिरिजा शंकर झा ने कहा के पहले मरीज से मशवरा किया कि छाती से ही ऑपरेशन करके 26 एमएम के सुराख में डिवाइस लगाएंगे तब महिला घबरा गयी और यह भी नहीं चाहती थी कि छाती में कोई दाग धब्बा हो जाए। इस लिए फिर दाएँ पैर द्वारा दिल के 26 एमएम के सुराख को आसानी से 15 मिनट में ही डिवाइस लगा दिया। फिर महिला कुछ ही घंटों में सही से खान पान भी किया और चलने घूमने लगी। महिला ने कहा कि पहले जो सांस लेने में दिक्कत हो रही थी अब अच्छा लग रहा है। डिवाइस लगने और अच्छा होने के बाद घर वाले बहुत खुश हैं। परिजनों का कहना है कि कल तक जो महिला मरीज थी अब वह बिल्कुल स्वस्थ हो चुकी है। निन्ती एडवांस कैथलैब सहरसा के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरिजा शंकर झा और निन्ती कार्डियक केयर टीम सहित शामिल चिकित्सा टीम के कौशल कार्य से सांस लेने से परेशान महिला को नया जीवन मिला। अब महिला को सांस लेने में न तो परेशानी है और न ही कोई घबराहट है। महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। यह उपलब्धि न केवल उनकी विशेषज्ञता को प्रदर्शित करती है बल्कि सहरसा में हृदय संबंधी देखभाल सेवाओं को लेकर लोगों में अच्छा संदेश जा रहा है। 45 वर्षीय महिला मरीज और उनके परिजनों निन्ती अस्पताल सहरसा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आईआईआईटी-हैदराबाद ने कोर्सेरा पर सूचना प्रौद्योगिकी में किफायती ऑनलाइन मास्टर ऑफ साइंस लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस

**नई दिल्ली ।** भारत के अग्रणी तकनीकी डीम्ड विश्वविद्यालय, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी हैदराबाद (आईआईआईटीएच) ने दुनिया के अग्रणी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों में से एक कोर्सेरा पर सूचना प्रौद्योगिकी में ऑनलाइन मास्टर ऑफ साइंस (eMSIT) लॉन्च किया है। आईआईआईटी हैदराबाद, भारत का पहला आईआईआईटी है जो उद्योग और समाज के लिए प्रौद्योगिकी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर जोर देने के साथ अपने मजबूत अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। ईएमएसआईटी उद्योग के सूक्ष्म-क्रेडेंशियल्स को एकीकृत करने और पहचानने के लिए कोर्सेरा पर किसी भारतीय विश्वविद्यालय से




यह पहली मास्टर डिग्री है, जो छात्रों के लिए पूर्व शिक्षा के आधार पर उनकी सीखने की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए मार्ग बनाती है। छात्र आईबीएम, मेटा या डीपलर्निंग. एआई से प्रोफेशनल सर्टिफिकेट के साथ अपनी डिग्री सीखना शुरू कर सकते हैं। एआई जिसे पूर्ण कार्यक्रम के लिए स्वीकृति पर डिग्री के लिए क्रेडिट के रूप में गिना जा सकता है। यह डिग्री कोर्सेरा पर 256,000 रुपये में पेश की जाएगी और दुनिया भर के शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध होगी। राघव गुप्ता, प्रबंध निदेशक, भारत और एपीएसी, कोर्सेरा ने कहा, "हम उच्च गुणवत्ता वाली, किफायती शिक्षा का लाभ पहुंचाने के लिए आईआईआईटी हैदराबाद के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, आईआईआईटी हैदराबाद पूरे भारत और विदेश में शिक्षार्थियों के बीच इसी लिए जाना जाता है। डिग्री में उद्योग सूक्ष्म-क्रेडेंशियल्स का एकीकरण न केवल छात्रों को शीर्ष स्तरीय क्रेडेंशियल्स हासिल करने में अधिक लचीलापन देगा, बल्कि उन्हें आज के विकसित परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक मांग वाले कौशल भी प्रदान करेगा।" नौकरी-केंद्रित पाठ्यक्रम में व्यावहारिक परियोजनाएं, डेटा विज्ञान में एस विशेषज्ञता, पूर्ण स्टैक विकास और मशीन लर्निंग, और चैटजीपीटी और कोपायलट जैसे एआई टूल का अनुभव आदि शामिल है। अतिरिक्त सहायता के लिए, छात्रों को अनुभवी अकादमिक सलाहकारों और आवधिक उद्योग परामर्श सत्रों तक भी पहुंच प्राप्त होगी। अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के निदेशक प्रोफेसर पी.जे. नारायणन ने कहा, "हम एमएसआईटी के नवोन्मेषी, अंतःविषय शिक्षण अनुभव तक पहुंच का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम की अभिनव 'करके सीखें' रूपरेखा नई पीढ़ी के छात्रों को आईटी और कंप्यूटर विज्ञान में अपने करियर को सफलतापूर्वक लॉन्च करने या आगे बढ़ाने में मदद करेगी।'' नैसकॉम के अनुसार, भारतीय आईटी उद्योग को 2026 तक लगभग 95 लाख तकनीकी पेशेवरों की आवश्यकता होने का अनुमान है। ईएमएसआईटी कार्यक्रम के स्नातकों को वित्त, स्वास्थ्य सेवा और सॉफ्टवेयर विकास जैसे उद्योगों में कंप्यूटर विज्ञान और आईटी नौकरियों के लिए तैयार किया जाएगा। छात्रों को एमएसआईटी के 3,000 पूर्व छात्रों के विशाल आधार के साथ ऑनलाइन जॉब बोर्ड और नेटवर्किंग के अवसरों तक पहुंच प्राप्त होगी, जो अमेज़ॅन, माइक्रोसॉफ्ट, जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी और अमेरिकन एक्सप्रेस जैसी कंपनियों में कार्यरत हैं। आईआईआईटी-हैदराबाद के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर राज रेड्डी ने कहा, "जैसा कि आईआईआईटी हैदराबाद अपनी रजत जयंती मना रहा है, यह नया कार्यक्रम हमें भविष्य में अपनी विरासत को जारी रखने और भारत को एक वैश्विक तकनीकी प्रतिभा केंद्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। कोर्सेरा के साथ हमारी साझेदारी हमें इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर वितरित करने और प्रतिभा पूल को व्यापक बनाने में मदद करती है, जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कल्पना की गई है।" यह कार्यक्रम छात्रों को कभी भी, कहीं से भी सीखने में सक्षम बनाता है। ईएमएसआईटी डिग्री न केवल व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से कौशल को बढ़ाती है बल्कि प्रौद्योगिकी में भविष्य के अवसरों को भी खोलती है। आवेदन प्रक्रिया विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई है। आवेदन करने के लिए छात्रों को स्टेम बैकग्राउंड के साथ चार साल की स्नातक (यूजी) डिग्री, या मैथमैटिक्स ऑफ कंप्यूटिंग में कम से कम एक पाठ्यक्रम के साथ तीन साल की स्नातक डिग्री और एक साल की स्नातकोत्तर कार्यक्रम की आवश्यकता होती है।

## गलत डाइट लेने का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है। वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिकंजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

## उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ीमैन के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में 'ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था।

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस



आरती कुमारी



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में है, उनमें देश विकास से अधिक मुफ्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ कर हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार है कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरुकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोधा रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, यह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिपक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

# कांग्रेस के लिए एक नई मुसीबत बने कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा

**अशोक भाटिया**

प्रधानमंत्री मोदी इस चुनावी रण में रोजाना कांग्रेस की कोई न कोई गलती पकड़ कर अपने शब्दों के बाण से कांग्रेस पर हमला कर देते है पर कांग्रेस है कि उन्हें कोई न कोई मौका देती रहती है । सैम पित्रोदा वो नाम है, जो अक्सर ही अपने बयानों से कांग्रेस पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर देते हैं। पित्रोदा ने इस बार 'इन्हेरिटेंस टैक्स' यानी विरासत टैक्स की वकालत कर सियासी हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने विरासत टैक्स के बारे में बात करते हुए इसे बेहद ही रोचक कानून बताया है। 13 राज्यों में 89 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान होना है और ऐसे वक्त में वोटिंग से ठीक पहले इस तरह के बयान को भाजपा की तरफ से लपक लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अमित शाह तक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। पार्टी का कहना है कि अगर कांग्रेस इस टैक्स सिस्टम को लाती है तो ये व्यापारियों के लिए ठीक नहीं होगा। अमेरिका के विरासत कानून का जिक्र करते हुए पित्रोदा ने कहा कि भारत में भी इस तरह की नीति पर चर्चा करनी चाहिए. इस बयान का कांग्रेस के प्रवक्ता व उत्तर पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस उदित राज ने भी समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का सुझाव अच्छा है. मैं कांग्रेस का प्रवक्ता हूं. मेरा बयान कांग्रेस का बयान माना जाएगा.विरासत टैक्स को समझाते हुए सैम पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका में अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और वह मर जाता है। ऐसी स्थिति में 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55 फीसदी जनता के लिए सरकार के पास चली जाती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। यहां किसी के मरने पर उसकी पूरी संपत्ति बच्चों को मिल जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर सैम पित्रोदा कौन हैं और उनका अमेरिका से क्या कनेक्शन है। भारत में संचार क्रांति का जनक भले ही राजीव गांधी और उनके सिपहसलार सैम पित्रोदा को माना जाता है। राजीव गांधी के दिमाग में भारत को सूचना प्रोद्योगिकी, इंटरनेट की दुनिया से जोड़ने का जुनून सवार था। राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर और संचार साधनों की नींव रखी। पित्रोदा कांग्रेस पार्टी की विदेशी शाखा, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस को लीड करते हैं। भारत के साथ/भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रवासी भारतीयों को प्रोत्साहित करने, संलग्न करने, संगठित करने और सशक्त बनाने के लिए इसका गठन किया गया। सैम पित्रोदा की निजी वेबसाइट उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित दूरसंचार उद्यमी, निवेशक, विकास विचारक और नीति निर्माता के रूप में वर्णित किया है। वेबसाइट के मुताबिक, उन्होंने आईटी सेक्टर में 50 साल बिताए हैं। पित्रोदा ने तीन प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के साथ काम किया है। राजीव गांधी के नेतृत्व में पित्रोदा छह प्रौद्योगिकी मिशन (दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तेल बीज) का नेतृत्व किया। वर्तमान में वो राजीव के बेटे और इंदिरा के पोते पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी के साथ मिलकर काम करते हैं। 81 वर्षीय पित्रोदा पांच गैर सरकारी संगठनों के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं, जिनमें इंडिया फूड बैंक, ग्लोबल नॉलेज इनिशिएटिव और इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसडिसिप्लिनरी हेल्थ शामिल हैं। अपनी पत्नी के साथ शिकागो के निवासी, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में कई कंपनियां भी शुरू कीं।साल 2019 में लोकसभा चुनाव के बीच सैम पित्रोदा का 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर दिया एक बयान पार्टी के लिए मुसीबत बन गई थी। एएनआई को दिए एक बयान में पित्रोदा ने कहा था कि मैं इसके बारे में नहीं सोचता, यह भी एक और झूठ है। 1984 की बारे में अब क्या? आपने पिछले 5 साल में क्या किया। 84 में हुआ तो हुआ। आपने क्या किया'? सैम पित्रोदा का जन्म 1942 में ओडिशा के तितिलागढ़ में हुआ। उनका पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। कांग्रेस नेता का परिवार गुजरात से आता है। यही वजह है कि उन्हें पढ़ने के लिए गुजरात के एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया गया था। यहां से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने वड़ोदरा की महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में ग्रेजुएशन किया। परिवार ने उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए 60 के दशक में अमेरिका भेज दिया, जहां से उन्होंने मास्टर्स किया। अमेरिका के इलिनोइस राज्य के शिकागो शहर में 'इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' मौजूद है, जहां से 1964 में सैम पित्रोदा ने फिजिक्स में मास्टर्स किया। पित्रोदा को गांधी परिवार के करीबी लोगों में से एक माना जाता है। वर्तमान में वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पित्रोदा की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, वह शिकागो में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। कांग्रेस नेता अपने बयानों की वजह से हमेशा ही सुर्खियों में रहे हैं। सैम पित्रोदा ने अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद 1965 में टेलीकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया। अपने पहले पेटेंट के तौर पर 1975 में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक डायरी का आविष्कार किया। गांधीवादी विचारधारा को मानने वाले परिवार से आने वाले पित्रोदा की कांग्रेस से भी काफी नजदीकियां रहीं। अमेरिका में रहने के दौरान पित्रोदा को वहां की नागरिकता भी मिल गई थी। हालांकि, फिर 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर वह अमेरिका से भारत लौट आए। भारत आने पर सैम पित्रोदा अमेरिकी नागरिकता त्याग कर एक बार फिर से भारतीय बन गए। 1984 में उन्होंने 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स' नाम की टेलीकॉम संस्था की शुरुआत की। हालांकि, उसी साल इंदिरा की हत्या हो गई और राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। राजीव ने पित्रोदा को अपना सलाहकार बनाया। भारत में इंफोर्मेशन इंडस्ट्री में बदलाव के लिए दोनों मिलकर काम किया। राजीव ने उन्हें टेलीकॉम, वाटर, शिक्षा जैसे छह टेक्नोलॉजी मिशन का हेड बनाया था।हालांकि, राजीव गांधी की हत्या और कई वर्षों तक भारत में काम करने के बाद सैम पित्रोदा एक बार फिर से अमेरिका लौट गए। 1990 में वह फिर से अमेरिका चले गए। उन्होंने एक बार फिर से शिकागो से अपने काम की शुरुआत की और कई कंपनियों को लॉन्च किया। 1995 में सैम पित्रोदा को इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन WorldTel इनिशिएटिव का पहना चेयरमैन बनाया गया। हालांकि, लगभग डेढ़ दशक बाद फिर से उनकी भारत वापसी हुई। गौरतलब है कि 2004 के चुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस की अगुवाई में यूपीए सरकार का गठन किया गया। मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को फिर से भारत आने का न्योता दिया और इस तरह उनकी वतन वापसी हुई। भारत आने पर मनमोहन सिंह ने उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाया। वह इस पद पर 2005 से 2009 तक बने रहे। वहीं, जब 2009 में जब यूपीए सरकार की फिर से वापसी हुई, तो इस बार सैम पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार बनाया गया। इस तरह उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी मिल गया। पित्रोदा की वेबसाइट के मुताबिक, उनके पास लगभग 20 मानद पीएचडी और लगभग 100 विश्वव्यापी पेटेंट हैं। उन्होंने पांच किताबें और कई पेपर प्रकाशित किए हैं। भाजपा द्वारा मुद्दा बनाए जाने के बाद कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के इनहेरिटेंस टैक्स वाले बयान से खुद को अलग कर लिया और इसे उनका निजी विचार बता रही है . जो आदमी इतने समय से लेकर कांग्रेस के हर बड़े नेता के साथ जुड़ा रहा हो उसके ये विचार निजी कैसे हो सकते है ।




**मेष राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलतियों पर आवेश में आने की बजाय उन्हें सहजता समझने की कोशिश करें। अगर किसी विशेष संस्था से जुड़े हैं तो उससे संबंधित गतिविधियों में अपना योगदान अवश्य दें, इससे आपको सुकून मिलेगा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा। आज आपके कुछ जरूरी काम पूरे होने की उम्मीद हैं।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। कई दिनों से मन चल रही किसी बात से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे। आज आपको कई जानकारियां मिलेंगी।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज किसी समारोह होने के कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं, वो आज अपने काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के जो छात्र किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली विभाग के कर्मचारियों को आज अधिकतम लाभ होगा।

**तुला राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको बेहद ख़ुशी मिलेगी। पहले निवेश किया हुआ पैसा आज आपको मिलेगा, जिससे अपने रुके कार्यों को पूरा करेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज आर्थिक स्थिति में स्थिरता लाने के लिए प्रयासों में तेजी लानी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा।

**धनु राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपका मन हल्का रहेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों का काम बढ़िया चलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज विचारों में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। आज अन्य गतिविधियों की वजह से आपके व्यक्तिगत काम बीच में अटक सकते हैं, लेकिन कुछ समय में सब ठीक हो जाएगा।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

**मीन राशि**-आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। काम के दबाव से निकलकर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है।

# आओ मतदान करें

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अबोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने हैं। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जिम्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरूक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा. इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है. इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

### पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने रिकॉर्ड में किया सुधार

**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा,डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

# रसिख सलाम पर बीसीसीआई का एक्शन आईपीएल की आचार संहिता का किया उल्लंघन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।



आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

### भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।



एआईएफएफ ने कहा, 'काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है।

समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

## व्यापार

### एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने एक जनवरी 2025 से तीन साल के लिए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। उनकी सेवाओं को विस्तार दिया गया जो एक जनवरी 2022 से लागू हुआ था। चौधरी इससे पहले एचडीएफसी लाइफ के एमडी व सीईओ थे। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पुनर्नियुक्ति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और शेयरधारकों की मंजूरी अभी आवश्यक है।

### गो डैडी ने केवल 1 रुपये में .कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन का स्पेशल ऑफर किया लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत, 24 अप्रैल, 2024- गोडैडी ने डॉट.कॉम रजिस्ट्रेशन के लिए एक धमाकेदार ऑफर की घोषणा की है। इसमें छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों को एक साल के लिए केवल 1 रुपये में डॉट कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन पाने का मौका मिल रहा है और यह ऑफर बाजार में लाइव है और यह 3 साल की खरीद पर ही लागू होगा। दरअसल, गोडैडी कंपनी सालों से उद्यमियों को नवाचारी डिजिटल समाधान देकर सशक्त करके और उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रही है। गोडैडी के 2024 के ऑब्जर्वेटरी डेटा के अनुसार, सर्वे में छोटे व्यवसायों में से 97 प्रतिशत यह मानते हैं कि डिजिटलीकरण ने उनकी कार्य प्रक्रिया को काफी सुधारा है, जबकि 90 प्रतिशत का मानना है कि डिजिटलीकरण व्यवसाय के संचालन को सुचारू करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। इस बीच, डोमेन डिजिटलीकरण क्षेत्र में, अपरिहार्य संपत्ति के रूप में भी उभरे हैं, जिससे व्यावसायिक विश्वसनीयता बढ़ रही है। गोडैडी का ये स्पेशल ऑफर रणनीतिक रूप से ग्राहकों को लंबी अवधि की डोमेन खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करने, अद्वितीय मूल्य और मन की शांति प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। तीन वर्षीय .कॉम ऑफर न केवल डोमेन स्वामित्व को अधिक सुलभ बनाता है।

### भारत जैसे-जैसे विकसित होगा खाने-पीने से जुड़ी चीजों की महंगाई कम होती जाएगी : एमपीसी सदस्य



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में ''कम गंभीर'' होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। ये बातें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कही। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। गोयल ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (खाद्य पदार्थों की उच्च कीमतों) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी।'' गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं।'' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी।

# पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर अश्नीर ग्रोवर का तंज, बोले- चुनाव के समय अर्थहीन हो जाते हैं करदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं।

भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्माया हुआ है। जहां कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं अब शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसने आग में घी डालने जैसा काम किया है। दरअसल, ग्रोवर का कहना है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं क्योंकि देश में चुनावों के मामले में करदाता अर्थहीन अल्पसंख्यक हैं।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं। मजेदार बात यह है कि इन दो करोड़ लोगों में से भी केवल 45 लाख लोग कुल आयकर का 80 फीसदी भरते हैं। कुल 97 करोड़ वोटर हैं। अगर हिसाब लगाएं तो मात्र 0.5 फीसदी मतदाता इनकम टैक्स का भुगतान करते हैं। अश्नीर ग्रोवर ने कहा, इसलिए ही आप किसी राजनीतिक रैली में टैक्स पर कुछ भी कहकर बच निकल सकते हैं। क्योंकि टैक्स देने वाले बिना अहमियत वाले अल्पसंख्यक हैं।

हालांकि, शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने किसी राजनेता का नाम नहीं लिया है। लेकिन इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स पर की गई टिप्पणी के बीच उनका ऐसा बयान आना सियासी गलियारे में हलचल मचा सकता है।

दरअसल, सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र कर रहे थे। उनका कहना था, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

# एलपीयू के छात्र को आईटी की दिग्गज कंपनी में 3 करोड़ रुपये का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। यहां के कई छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिलने वाला है।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसके 2023 बैच ने अपने क्लास में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की, जिसमें कई छात्रों ने बेहतरीन वेतन पैकेज हासिल किए, विशेष रूप से 2018 क्लास के एलपीयू छात्र




यासिर एम ने आईटी कंपनी में 3 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल करके इतिहास रचा है। एक अन्य छात्र पवन कुंचला को भी आईटी कंपनी टीसी सेंट्रल से 1 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है। इसके अलावा, 2022-2023 बैच के 1100 से अधिक छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिला है। एलपीयू के छात्रों का शानदार प्रदर्शन यह दिखाता है कि उन्होंने अपनी मेहनत से सीमित सीमाओं को पार किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के छात्र यशस्वी यदुवंशी को हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा 52.08 लाख रुपये के शानदार पैकेज के साथ चुना गया है। इसके अलावा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने 54.9 लाख रुपये की उच्चतम सीटीसी हासिल की। जबकि आर्किटेक्चर और एमबीए के छात्रों को क्रमशः 31.69 और 29.3 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। 2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10त्न छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। 2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10 प्रतिशत छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। एलपीयू के चांसलर और संसद सदस्य (राज्यसभा) डॉ. अशोक मित्तल ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पीएम मोदी बोलेः मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा है,मुरैना में कहाःकांग्रेस की लूट,जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी
2 मोदी बोले वो नामदार,हम कामदार, मुरैना में कहाःकांग्रेस के शहजादे को पीएम को भला बुरा कहने में मजा आता है
3 राजीव गांधी ने इंदिरा गांधी की संपत्ति हासिल करने के लिए खत्म किया था विरासत कानूनःमोदी
4 लोकसभा चुनाव 2024ःआगरा में पीएम बोले-कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लाएगी,आपकी प्रॉपर्टी हड़पेगी,माता-बहनें सिर कटवा देंगी पर मंगलसूत्र नहीं देंगी
5 पीएम मोदी-राहुल की स्पीच पर चुनाव आयोग का नोटिस, भाजपा-कांग्रेस अध्यक्ष से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा,भाषण में नफरत फैलाने का आरोप
6 आप गलत बयानबाजी न करें,आपको घोषणा पत्र समझाना है,मुलाकात कर लीजिए;मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र
7 कांग्रेस बोलीःहमारे मेनिफेस्टो में विरासत टैक्स का जिक्र नहीं, 1985 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस टैक्स को खत्म कर दिया था
8 अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड,नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढहा,चीन सीमा से सटी दिबांग वैली का संपर्क टूटा
9 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज, 2019 में भाजपा 50, कांग्रेस 21 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं
10 वायु सेना का टोही विमान जैसलमेर में हुआ क्रैश,शहर से 30 किमी दूर जाजिया गांव के पास गिरा,बॉर्डर एरिया पर निगरानी कर रहा था
11 हेमा मालिनी बोलींःमोदी-शाह का कॉम्बिनेशन जय-वीरू जैसा,गब्बर कौन है...ये अभी छोड़िए;मथुरा की बारी भी आएगी
12 जेपी नड्डा अपने साथ बहुत सारे बैग लाए हैं और जहां चुनाव वहां बांट रहे हैं,तेजस्वी यादव ने लगाए गंभीर आरोप
13 पटना के होटल में आग,6 की मौत,20 घायल पीएमसीएच में भर्ती,45 का रेस्क्यू;कई लोगों ने कूदकर बचाई जान
14 ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा-केजरीवाल की गिरफ्तारी सही,वे 9 समन का जवाब देने नहीं आए;शेखावाटी संकल्प,सबूतों से पता चला घोटाले में उनका बड़ा रोल
15 निवेशकों की खरीदारी के चलते तेजी के साथ बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी,मार्केट कैप 404 लाख करोड़ के रिकॉर्ड हाई पर
16 13 राज्यों की 89 सीटों पर थमा दूसरे चरण का प्रचार,विरासत टैक्स से मंगलसूत्र तक के मुद्दों पर छिड़ा सियासी बवाल
17 लोकसभा चुनाव-2024ःकांग्रेस की 19वीं लिस्ट में तीन नाम,सभी तेलंगाना से;दूसरे चरण की वोटिंग वाली 88 सीटों पर प्रचार थमा
18 EC ने पीएम की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू की,बांसवाड़ा में कहा था,कांग्रेस आई तो आपकी संपत्ति ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी
19 पायलट की बगावत के समय गहलोत ने करवाई थी फोन टैपिंग,पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा का बड़ा आरोप
20 सोनिया गांधी के डर के चलते प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए थे शिवसेना के फर्जी मुखिया,अमित शाह का उद्धव ठाकरे पर निशाना
21 25,000 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को क्लीन चिट, कभी पीएम मोदी ने बताया था भ्रष्ट परिवार
22 हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन,इस बार नहीं मिला था टिकट
23 कोटक महिंद्रा बैंक पर RBI का बड़ा एक्शन...नए ग्राहक जोड़ने पर बैन,क्रेडिट कार्ड भी नहीं कर सकेगा जारी
24 वर्ल्ड मलेरिया डेः भारत में मलेरिया उन्मूलन परियोजना का अंतिम चरण आज से शुरू,28 प्रदेश होंगे बीमारी मुक्त
25 सांसें रोक देने वाले मैच में दिल्ली की जीत,अंतिम गेंद पर हारी गुजरात;मिलर-राशिद की पारी पर फिरा पानी
26 इजराइल फिलीस्तीन जंग पर यूएन की चेतावनी,मई तक गाजा में भुखमरी का खतरा,हर घंटे 6 बच्चों की हो रही मौत
27 इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो बने देश के राष्ट्रपति,चुनाव आयोग ने औपचारिक रूप से किया घोषित
28 इंहेरिटेन्स टैक्सः पीएम मोदी ने जनता को किया आगाह,कांग्रेस आपके बच्चों के अधिकार छीनना चाहती है
29 शिवराज सिंह चौहान को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी,पीएम मोदी ने दिए संकेत
30 नितिन गडकरी की तबीयत बिगड़ी,भाषण देते समय मंच पर हुए बेहोश,अस्पताल में कराया गया भर्ती
31 जाति जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती,इशारों-इशारों में राहुल का पीएम मोदी पर निशाना
32 इसराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने पाकिस्तान के साथ किया समझौता,नाराज़ हुआ अमेरिका
33 पैन-आधार लींकिंगःपैन को 31 मई तक आधार से जोड़ने पर टीडीएस की कम कटौती के लिए नहीं होगी कार्रवाई
34 रूस का सबसे हाई प्रोफाइल मामला, भ्रष्टाचार के संदेह में रूस के उप रक्षा मंत्री गिरफ्तार;घूस लेने का लगा आरोप
35 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा,पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी
36 EC ने पीएम की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू की,बांसवाड़ा में कहा था-कांग्रेस आई तो आपकी संपत्ति ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी
37 लोकसभा इलेक्शन 2024ःदूसरे चरण के चुनाव का प्रचार थमा,13 राज्यों की 88 सीटों के लिए 26 अप्रैल को होगा मतदान
38 चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया,ईवीएम की तीनों इकाइयों का होता है अपना-अपना माइक्रोकंट्रोलर
39 रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हारी गुजरात,224 रन बनाने के बाद भी अंतिम गेंद पर जीती दिल्ली
40 यूट्यूबर मनीष कस्यप भाजपा में शामिल,मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



# सामंथा ने फहाद फाजिल की आवेशम पर दी प्रतिक्रिया

**फहाद फाजिल इस वक्त अपनी हालिया रिलीज फिल्म आवेशम की वजह से चर्चा में हैं। ये फिल्म उन मलयालम फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्होंने अपने अनोखेपन के कारण पूरे देश भर में चर्चाएं बटोरी हैं। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में फहाद के अभिनय की काफी सराहना की जा रही है।**

फिल्म को पसंद करने वालों की लंबी लिस्ट में मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 23 अप्रैल को सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, फिल्म आवेशम में हर तरह का पागलपन था, इसमें जिस तरह का पागलपन है वो मुझे काफी पसंद है। यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बनी है। हर दूसरे सीन के साथ फिल्म का जॉनर बदलता रहता है। मैं डरी हुई थी, मैं हंस रही थी।

### लोगों को फिल्म देखने की दी सलाह

सामंथा ने आगे कहा, कुछ फिल्में सिनेमाघरों के अनुभवों के लिए ही बनी होती हैं। यह भी एक ऐसी फिल्म है। सामंथा ने लिखा, फहाद फाजिल की फिल्म किसी को भी मिस नहीं करनी चाहिए । इस अविश्वसनीय टीम को बधाई। आप लोग सच में एक अदभुत प्रेरणा हो।

### तीन दोस्त और एक माफिया की कहानी है आवेशम

आवेशम तीन नौजवानों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने बेंगलुरू आते हैं। वहां इन तीनों की कुछ सीनियर्स के साथ झड़प हो जाती है। इसका बदला लेने के लिए तीनों एक स्थानीय माफिया की मदद लेते हैं। इसके बाद पूरी कहानी रंगा के साथ इनकी बातचीत के आसपास घूमती रहती है। इस फिल्म का निर्देशन जीतू माधवन ने किया है, जो रोमांचम का निर्देशन भी कर चुके हैं। फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# शैतानी रस्में में मेरा किरदार वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण

शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली नकियाह हाजी अपने नए किरदार माया के लिए नया लुक जारी करेंगी। इस लुक को एक्ट्रेस ने गैल गैडोट की वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण करार दिया। एक्ट्रेस ने कहा, शो में मेरे नए किरदार माया के लिए खास लुक है। उनका लुक मॉडर्न और ट्रेडिशनल का मिक्सअप है, जिसमें गैल गैडोट की वंडर वुमन के स्वभाव के साथ काली मां की उग्रता का संयोजन है। नकियाह ने कहा, यह ताकत, रोष और भावना से भरा हुआ है। इस ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरने में मुझे लगभग तीन घंटे लगे, जिसमें बॉडी पेंट लगाना और भारी सामान शामिल था। यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं थी, लेकिन मेरे पास एक अद्भुत टीम थी, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद प्रयास किए कि सब कुछ सही दिखे। अपकमिंग एपिसोड की ओर इशारा करते हुए, नकियाह ने खुलासा किया कि उनके किरदार निक्की में एक बड़ा बदलाव आया है और वह एक नए रूप में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही है जहां वह अपने परिवार की रक्षा करने के लिए कुछ भी कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे एक शेरनी अपने शावक की रक्षा करती है।



# किंग में सुहाना खान के साथ नजर आएंगे शाहरुख, ग्रे शेड लिए होगा किरदार

सुहाना खान ने हाल ही में द आर्चीज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। दर्शकों ने फिल्म को पूरी तरह से नकार दिया। इस असफलता की उम्मीद किसी को नहीं थी। विशेष रूप से सुहाना खान के पिता शाहरुख खान को। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब शाहरुख खान ने स्वयं अपनी बेटी का करियर संवारने की जिम्मेदारी ले ली है। वो सुहाना खान के साथ किंग नामक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म को निर्देशक सुजॉय घोष निर्देशित करेंगे। सुजॉय घोष सिद्धार्थ आनंद की प्रोडक्शन कंपनी मार्फिलक्स पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों के लिए किंग मूवी लेकर आ रहे हैं। खबर के मुताबिक, पहले इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करने वाले थे, लेकिन अब खबर है कि शाहरुख इस फिल्म में बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कई महीनों में शाहरुख खान की इस फिल्म को कई बार लिखा गया, कई बार पॉलिश किया और अब इस फिल्म की स्क्रिप्ट को बदल कर इस तरह लिखा गया है कि शाहरुख अपनी बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। बता दें, फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से ये जानकारी भी सामने आई है कि इस फिल्म में शाहरुख खान सुहाना के पिता का रोल नहीं निभाएंगे। इस फिल्म में शाहरुख सुहाना के मेंटर के रूप में नजर आएंगे। मई के महीने में इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। वहीं, शूटिंग अगस्त या सितंबर में शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म किंग में शाहरुख को डॉन के किरदार में देखा जायेगा। उका ये किरदार अनोखा और नया होगा जिसका फैंस इंतजार कर रहे थे। खास बात ये है कि शाहरुख लंबे समय बाद एक बार फिर ग्रे शेड्स में नज़र आने वाले हैं। फिल्म किंग में शाहरुख़ खान एक गुरु के रूप में दिखेंगे और सुहाना उनकी शिष्या। दोनों के बीच कुछ एक्शन के इंटेंस सीन भी दिखाए जायेंगे। इस फिल्म के लिए शाहरुख़ खान ने अपना लुक भी पूरी तरह से बदल लिया है। एक्टर किंग में लंबे बालों वाले हेयरस्टाइल और छोटी दाढ़ी के साथ दिखेंगे। उनका ये ग्रे शेड्स वाला रोल इस लुक पर शानदार लगने वाला है। इसके साथ ही फिल्म में उनका स्वैग सारी कमियों को पूरा करने के लिए काफी होगा।

# कपिल शर्मा के शो में हुआ खुलासा, आखिर अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते आमिर

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएंगे। शो के मेकर्स ने बुधवार को नया प्रोमो जारी किया, जिसमें एक्टर को शो के कलाकारों के साथ मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। आमिर को पिछली बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आमिर ने कई किस्से भी सुनाए। यह पहली बार है जब आमिर इस शो में नजर आ रहे हैं। वह सीमित जगहों पर ही जाने के लिए जाने जाते हैं। एपिसोड के दौरान, आमिर ने यह खुलासा भी किया कि वह अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है और इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पीके फिल्म के आइकोनिक रेडियो सीन के बारे में बात की, जहां वह रेलवे ट्रैक पर बिना कपड़ों के दौड़ते हैं। आमिर ने बताया कि वह शो में शॉर्ट्स पहनकर आना चाहते थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें जींस पहनने के लिए कहा। द ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम है।



# तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था

एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी। तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए। लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था। रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी। इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया। तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था। लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।





# डिप्रेशन में खुदकुशी के ख्याल आए, मगर हार नहीं मानी

**अध्ययन सुमन ने अपने करियर में राज 2, जश्न, हार्टलेस जैसी कई फिल्मों में काम किया मगर पहली फिल्म की कामयाबी के बाद उनका करियर ही नहीं उनकी निजी जिंदगी भी कई उतार-चढ़ावों से गुजरी। आश्रम जैसी वेब सीरीज से उनकी शानदार वापसी हुई और इन दिनों वे चर्चा में हैं संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी से। इस मुलाकत में वे अपने करियर के मुश्किल दौर, माता-पिता, शादी, दिल टूटने, हीरामंडी, संजय लीला भंसाली, रिचा चड्ढा जैसे कई मुद्दों पर बातें करते हैं।**

**आपके लिए वो दौर कितना मुश्किल था, जब आप कंगना रनौत के प्रकरण से गुजरे, आप पर ड्रग्ज के आरोप लगे, आपको अनुशासनहीन करार दे दिया गया?**

कठिन था वो दौर। मेरे बारे में ये बातें 15 साल पहले कही गई थीं और उसके बाद मैंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ देखा। बस एक बात मेरे मन में पैठ गई कि अगर मुझे अपने बारे में लोगों की धारणा बदलनी है, तो मुझे मेहनत करनी होगी और सक्सेज पाना होगा और आज जब हीरामंडी चर्चा में है, तो लोग मेरे काम के कारण उन पुरानी बातों को भूल चुके हैं। हालांकि बहुत मुश्किल था, जब पहचान होते हुए भी मेरी कोई पहचान नहीं थी। राज 2 के साथ मेरी धमाकेदार शुरुआत हुई, फिर मैंने जश्न की, इनके गाने सुपर हिट हो गए, मगर फिर मुझे काम मिलना बंद हो गया। दस साल तक मैं घर पर बैठा रहा, मुझे लगा, मैं दुनिया में हूं ही क्यों? मुझे खुदकुशी खयाल आने लगे। मैं डिप्रेशन में चला गया। मगर मैं हर दिन आईने में देखकर खुद से यही कहता कि तुझे हार नहीं माननी है। हार न मानने की जिद न मेरे मां-बाप कर पाए, न दोस्त। ये मैंने खुद के लिए किया। मैं रोज जिम जाता था। मैंने डायरेक्शन को आजमाया, गाने बनाने शुरू किए। मेरा गाना प्रकाश झा साहब ने देखा। फिर मुझे आश्रम मिली, दो छोटी फिल्मों में मौका मिला और आज मैं हीरामंडी का हिस्सा हूं। मैं मिस इंडिया दिविता राय के साथ लव स्टोरीज ऑफ नाइंटीज जैसी फिल्म कर रहा हूं। विजय राज के साथ मैंने एक थ्रिलर फिल्म पूरी कई है वहम। एक और फिल्म है इन ट्रैप और इसके अलावा मैं एक बड़ा शो प्रड्यूस भी कर रहा हूं। मैं आज जो कुछ हूं, मेरे अतीत के अनुभवों से हूं।

**क्या ये सच है कि हीरामंडी की भूमिका के लिए पहले आप रिजेक्ट हो गए थे?**

हां, ये सच है। देखिए, मेरे अभिनय की 15 साल की एक जर्नी रही है और हर एक एक्टर का सपना होता है कि संजय लीला भंसाली के साथ उसे काम करने का मौका मिले। हालांकि मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। आश्रम में मेरे किरदार की सफलता के बाद भी मैंने देखा कि इंडस्ट्री मुझे वैसे एक्सेप्ट नहीं कर रही है, जिसे मैं चाहता हूं। कहीं न कहीं अपने काम को लेकर मैं फिर से निराश होना शुरू हो गया था, मगर फिर मुझे ऑडिशन का मौका मिला और मैंने जिन हालात में ऑडिशन किया, उसमें मुझे ये रोल नहीं मिला। दो महीने बाद मुझे दोबारा फोन आया और मैं अचंभित हो गया, जब ये रोल मुझे मिला।

**रोल के लिए कोई खास तैयारी की?**

मैं इसमें बिगड़ैल नवाब जोरावर अली खान की भूमिका में हूं। ये बहुत ही एरोगेंट और अय्याश टाइप का नवाब है। ये बेहद ग्रे किरदार है, जो अपने अलावा और किसी से प्यार ही नहीं करता। दूसरे किरदारों के साथ उसके डायनेमिक्स काफी अच्छे हैं। लज्जो बनी रिचा चड्ढा को जोरावर से मोहब्बत होती है। यह एक बेहद दमदार किरदार है। इस रोल को करते हुए नुक्ते लगाना, उर्दू बोलना बहुत जरूरी था। आप बॉडी बनाओ या खुद को ट्रांसफॉर्म करो या फिर कितनी भी तैयारी क्यों न करो, आप जैसे ही सेट पर जाओगे सर (संजय लीला भंसाली) सब कुछ बदल देंगे। सेट पर वे एक सीन को चार अलग-अलग तरह से शूट करते हैं। सर आपको एक से दस के बीच ले जाते हैं, मगर दस से बारह तक आपको जाना होता है। वे दस के बाद आपको खुला मैदान दे देते हैं कि एक अभिनेता उसे अपने अंदाज में जी सके।

**ऋचा चड्ढा का साथ कैसा रहा?**

वे बेहद कमाल की अदाकारा हैं। बेहद सिक्योर और जमीन से जुड़ी अभिनेत्री हैं। पहले दिन की शूटिंग के बाद रात को दो बजे मुझे उनका वॉइस नोट आया। उन्होंने बहुत सारी बातें कीं और बोलीं कि तुम बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हो, जबकि दुनिया ने तुम्हारे बारे में कुछ अलग ही बातें फैला रखी हैं और मुझे खुद पर गुस्सा आ रहा है कि कुछ हद तक मैंने भी उन बातों। पर विश्वास किया था, मगर तुमने उन सारी बातों को गलत साबित किया। बस इसी तरह मेहनत करते रहो। तुम एक प्योर आर्टिस्ट हो। उनका ये वॉइस नोट मेरे लिए बहुत बड़ी बात रही।

**आप अपना सोशल मीडिया कैसे हैंडल करते हैं?**

अब एक टीम रखी है, जो मेरा सोशल मीडिया हैंडल करती है। मगर मैं समझता हूं कि सोशल मीडिया सही रीजन के लिए होना चाहिए। सोशल मीडिया ये तय नहीं करता कि आप अच्छे एक्टर हैं। ये कनेक्टिविटी के लिए होता है। ट्रोल्स की मैं ज्यादा चिंता नहीं करता। मुझे लगता है, जो लोग बेरोजगार हैं, वही यहां इस तरह की बातें करते हैं। मैंने सुना है कि एलन मस्क नए ट्वीट करने वालों से ट्वीट करने के पैसे लेने वाले हैं। मैं सोचता हूं कि तब इन बेरोजगारों का क्या होगा?

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नवा टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।